

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 28 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-121 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छाए विष्णुदेव साय

**नई दिल्ली,जुलाई,28 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक दूसरे दिन भी जारी रही. इस बैठक में भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल हुए. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बैठक में राज्य की प्रमुख योजनाओं, आम लोगों के शासन के प्रति फीडबैक, और राजनीतिक घटनाक्रमों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की. इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ द्वारा अपनाई गई तकनीकों और रणनीतियों की विशेष जानकारी दी गई. सीएम साय ने छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों, किसानों, और नक्सल उन्मूलन के लिए कई पहल किए हैं. इन पहलों ने छत्तीसगढ़ को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक आदर्श राज्य बनाया है.

उन्होंने ने अपनी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की रणनीतियों की प्रभावशीलता का विशेष उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि राज्य ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया है, जिससे योजनाओं की सफलता में वृद्धि हुई है और स्थानीय लोगों का शासन में विश्वास भी बढ़ा है. बीजेपी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़ की इन योजनाओं की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को छत्तीसगढ़ की रणनीतियों और तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई. अब, अन्य बीजेपी शासित राज्य छत्तीसगढ़ की प्रभावी योजनाओं और शासन की रणनीतियों को अपनाने अपने अपने राज्यों से विशेषज्ञों की टीम जल्द छत्तीसगढ़ भेज सकते हैं.**छत्तीसगढ़ की योजनाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी पहुंच**-मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने गांव-गांव और घर-घर तक अपनी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों के जरिए पहुंचाया, जिसमें प्रचार तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इस प्रभावी मॉडल की जानकारी देने पर छत्तीसगढ़ की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को भी इसी रणनीति को अपनाने की सलाह दी गई.



**छत्तीसगढ़ के प्रजेंटेशन में विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी**-मुख्यमंत्री ने बताया विभागों के कामकाज और योजनाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कई कड़े फैसले लिए गए, जिनमें नक्सलवाद से निपटने, भ्रष्टाचार मुक्त विभागीय कामकाज, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग, शराब की खरीदी से लेकर पीएससी के जरिये होने वाली परीक्षा की जांच संबंधी कई फैसले लिए और नीतियों में बदलाव किया गया.मुख्यमंत्री साय ने कहा सरकार के कामकाज के साथ-साथ महतारी वंदन योजना की जन-जन तक पहुँच ने महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के साथ उन्हें समाज में मजबूती प्रदान की है. इस योजना के जरिये राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है. साल में 12 हजार रुपये जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक आधार है. इससे उनकी अपनी छोटी-छोटी जरूरतों का सपना भी पूरा होता है.मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना की जानकारी दी. उन्होंने बताया इस योजना का उद्देश्य माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और स्थायित्व लाना है. इस योजना के तहत, नए स्थापित कैम्पों के आसपास के 5 गांवों का चयन कर इन गांवों को राज्य के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से इन गांवों में राज्य के आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं.

बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की. उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुये कहा कि योजना के अंतर्गत राज्य के सभी पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही है. योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे नागरिकों को व्यापक लाभ मिल रहा है. मुख्यमंत्री ने फ्लैगशिप कार्यक्रम 'एक पेड़ माँ के नाम' लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण की जानकारी दी. उन्होंने बताया इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में अभी तक 1 करोड़ 51 लाख पौधरोपण किया जा चुका है. इसके अलावा उन्होंने पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री सड़क योजना, पीएम सूर्यघर योजना, अमृत सरोवर, आरोग्य व रोजगार मेले की क्रियान्वयन व प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की.



बीजापुर,28 जुलाई। जिले में हो रही लगातार बारिश के बाद.आज आम लोगों को कुछ राहत मिली है चूंकि आज बीजापुर का साप्ताहिक बाजार है इस कारण नगर में आज चहलपहल बढि लोग रोजमर्रा की चीजें खरीदने. घरों से बाहर निकले बाजार में आज क ि दिनों बाद रौनक दिखी।

## नगरीय निकायों के वार्ड परिसीमन के खिलाफ आधा दर्जन याचिका..!

**बिलासपुर,28 जुलाई।** प्रदेश के नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन को लेकर विवाद की स्थिति बनती जा रही है। शनिवार को प्रदेश के आधा दर्जन नगरीय निकायों के कांग्रेसी नेताओं ने वार्ड परिसीमन को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया का विरोध करते हुए और इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने याचिका को रजिस्टर्ड कर लिया है। 29 जुलाई को सुनवाई की तिथि तय कर दी है। प्रदेशभर के निकायों के वार्ड परिसीमन के लिए जो आदेश जारी किया है उसमें वर्ष 2011 के जनगणना को आधार माना है। इसी आधार पर परिसीमन का कार्य करने कहा गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं का कहना था कि वार्ड परिसीमन के लिए बनाए गए नियमों के अनुसार अंतिम जनगणना को आधार माना गया है। राज्य सरकार ने अपने सर्कुलर में भी परिसीमन के लिए अंतिम जनगणना को आधार माना है। अधिवक्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार ने इसके पहले वर्ष 2014 व 2019 में भी वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन का कार्य किया है। जब आधार एक ही है तो इस बार क्यों परिसीमन का कार्य किया जा रहा है। याचिका के अनुसार वर्ष 2011 के बाद जनगणना हुई नहीं है। तो फिर उसी जनगणना को आधार मानकर तीसरे मर्तबे परिसीमन कराने की जरुरत क्यों पड़ रही है। राजनादगांव नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका व बेमेतरा नगर पंचायत में वार्डों के परिसीमन को चुनौती दी गई थी। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस पीपी साहू ने परिसीमन की प्रक्रिया और अधिसूचना पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मानकर जब दो बार वार्ड परिसीमन कर दिया गया है तो फिर उसी आधार पर तीसरी मर्तबे परिसीमन की क्यों जरुरत पड़ रही है। परिसीमन के बाद कलेक्टर ने शहरवासियों से दावा आपत्ति मंगाई थी। उसका निराकरण नहीं किया गया है। आवेदन पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। ऐसा लगता है कि कलेक्टर ने कानूनी अड़चनों से बचने और औपचारिकता निभाने के लिए शहरवासियों से दावा आपत्ति मंगाई थी। सक्षम प्राधिकारी के पास आपत्ति दर्ज कराई गई है तो उनका दायित्व बनता है निराकरण किया जाए। पर ऐसा नहीं हो रहा है। शासन द्वारा तय मापदंड व प्रक्रिया का पालन कहीं नहीं किया जा रहा है। अधिकारीगण केवल औपचारिकता निभाते रहे हैं। लोगों की आने वाली मुसीबतों पर ध्यान नहीं दिया गया है। वार्ड परिसीमन के बाद लोगों का पता बदल जाएगा, परिस्थितियां बदल जाएंगी। आधारकार्ड से लेकर पेन कार्ड सहित जरुरी दस्तावेजों में पता बदलवाना पड़ेगा।

## कोचिंग सेंटर के मालिक और कोऑर्डिनेटर को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली,28 जुलाई।** ओल्ड राजेंद्र नगर में शनिवार को हुए दिल दहला देने वाले हादसे में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाही की है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को कोचिंग सेंटर के मालिक और कोऑर्डिनेटर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने दोनों पर गैर-इरादतन हत्या समेत कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें, शनिवार शाम को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर के 'राव आईएएस स्टडी सेंटर' नाम के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया। इस दौरान यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्र बेसमेंट के अंदर ही फंस गए, जिनके शव खोज और बचाव अभियान के बाद बेसमेंट से बरामद कर लिए गए हैं। इन छात्रों की पहचान श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन दल्विन के रूप में हुई है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्द्धन ने घटना पर कहा, 'कल शाम एक बेसमेंट में पानी भर जाने की वजह से कुछ लोगों के फंसे होने की खबर मिली, बचाव अभियान शुरू किया गया, जिसमें दिल्ली पुलिस और दिल्ली फायर सर्विस के साथ-साथ एनडीआरएफ भी शामिल थी।

### बढ़ी हुई बिजली दर से संकट में स्टील और स्पंज उद्योग

## 29 को रात 12 बजे से विरोध में प्लांट करेंगे बंद

**रायपुर,28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में बढ़ी हुई बिजली दर का स्टील और स्पंज आइरन फैक्ट्री के संचालक बड़े स्तर पर विरोध करने जा रहे हैं. इस कड़ी में छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने 29 जुलाई के रात 12 बजे से प्लांट को बंद करने का फैसला लिया है. छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नचरानी ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में बताया कि पहले चरण में सीएसपीडीसीएल आधारित मिनी स्टील उद्योग को बंद किया जाएगा. इसके बाद में प्रदेश के 500 उद्योगों को भी बंद करने का फैसला संघ ने लिया है. अगर यह तमाम उद्योग बंद होंगे तो निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ में एक बड़ी समस्या खड़ी होने वाली है. नचरानी ने उद्योगों को बंद किए जाने की वजह बताते हुए कहा कि 1 जून से 25 प्रतिशत बिजली की दरों में वृद्धि कर दी गई है. इस संबंध में हमने सीएम, डिप्टी सीएम, उद्योग मंत्री, वित्त मंत्री से मुलाकात की थी. हमने सभी को बताया है कि यह बहुत बड़ी वृद्धि है, जिससे उद्योग सरवाइव नहीं कर पाएंगे. हमने बताया कि अभी हमें 4000 रुपए प्रति टन के हिसाब से नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि अगर सरकार बढ़ी हुई बिजली का दर वापस लेती है, तो हम उद्योग बंद नहीं करेंगे. लेकिन वापस नहीं लेती है तो हमें मजबूरन प्रदेश के सभी उद्योगों को बंद करना पड़ेगा, जिसका लोगों के रोजगार और प्रदेश सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान होगा.



## छात्रों की मौत पर ऑर्डर-ऑर्डर खेल रहे हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, 28 जुलाई।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में शनिवार शाम एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत को लेकर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार को आड़े हाथों लिया है। पार्टी ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि शुगर बढ़ने पर ट्वीट करने वाले लोग छात्रों की मौत पर ऑर्डर-ऑर्डर खेल रहे हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रविवार को कहा, शर्म की बात है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम की लापरवाही ने अब तक तीन छात्रों की जान ले ली है। उन्होंने कहा कि इस हादसे से वह दुखी और दिल्ली सरकार के लापरवाह रवैये से भयभीत हैं।विभिन्न छात्र संगठन और राजनीतिक दल हादसे के लिए सीधे-सीधे राज्य सरकार और दिल्ली नगर निगम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। बीती रात से ही छात्र सड़कों पर इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं।यादव ने कहा कि जलभराव के कारण किसी छात्र की मौत का यह पहला मामला नहीं है। इनकी लापरवाही न जाने और कितने छात्रों की जान लेगी।

## तेज बहाव में बहे 4 अधिकारी,1 की मौत

**कोरबा,28 जुलाई।** कोरबा में शनिवार हुए लगातार 3 घंटे की बारिश के चलते स्थ्रष्टरु की कुसमुंडा खदान में बड़ा हादसा हो गया. खदान के गोदावरी ब्लाक में अचानक तेज बहाव आने से 4 अधिकारी बह गए. इनमें से 3 अधिकारियों ने किसी तरह तैर कर अपनी जान बचाई, लेकिन एक पानी में बह गया. उसकी तलाश की जा रही थी. वहीं आज सुबह 16 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद एचडीआरएफ की टीम ने अधिकारी जितेंद्र नागरकर के शव को बरामद किया. कुसमुंडा थाना पुलिस शव को पीएम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, लगातार बारिश के चलते खदान में जलभराव की स्थिति बन गई जिसे देखने के लिए चार अधिकारी नीचे उतरे थे. लेकिन इसी दौरान अचानक आए पानी के तेज बहाव में 4 अधिकारी बह गए, 3 ने किसी तरह तैर कर अपनी जान बचाई और एक तेज बहाव में बह गया. पानी में बहे अधिकारी की तलाश शनिवार शाम से लगातार की जा रही थी. रविवार सुबह पानी में बहे अधिकारी का शव बरामद किया गया है.



## विष्णुदेव साय ने नवनियुक्त राज्यपाल रामेन डेका को दी बधाई

**रायपुर,28 जुलाई।** देश में छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान सहित 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की गई है. राष्ट्रपति ने रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने के लिए बधाई दी और उनका छत्तीसगढ़ में स्वागत किया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- आदरणीय रामेन डेका को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

## नए राज्यपाल की नियुक्ति के साथ फिर चली आरक्षण बिल की बात

**रायपुर,28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में नए राज्यपाल की नियुक्ति के साथ ही एक बार फिर से आरक्षण का मुद्दा गर्म हो गया है. एक तरफ कांग्रेस ने अपनी सरकार के समय पारित आरक्षण बिल पर सबसे पहले हस्ताक्षर करने की उम्मीद जताई है, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस को आरक्षण विरोधी करार देते हुए आरक्षण बिल को लेकर नियत को लेकर सवाल उठाए हैं.

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने नये राज्यपाल रमन डेका को बधाई देते हुए सबसे पहले आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे ज़्यादा आदिवासी वर्ग हैं. उनके हित में आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर करेंगे. भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने नए राज्यपाल की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि जितने भी राज्यपाल मिले, सभी ने छत्तीसगढ़ की विकास की चिंता की. कदम से कदम मिलाकर सभी वर्ग के उत्थान के लिए चिंता की. नए राज्यपाल मिलने से छत्तीसगढ़ की प्रगति और तेजी से होगी. नए राज्यपाल मिलने से आरक्षण पर सियासत के तेज होने पर केदार गुप्ता ने कहा कि राज्यपाल ने हमेशा प्रदेश को आगे बढ़ने का काम किया. पूर्व की कांग्रेस सरकार आरक्षण की विरोधी थी. रमन सरकार में 56त्न आरक्षण मिल रहा था. इस पर भूपेश सरकार ने अपने ही कार्यकर्ता से याचिका दायर करवाई थी. आरक्षण को रुकवाये उनकी नीयत ठीक नहीं थी. वहीं क्वांटिफिएबल डाटा का जिक्र करते हुए कहा कि आरक्षण का बेस होता है. उसे विधानसभा पटल में नहीं रखा. राज्यपाल को दोषी ठहरा रहे हैं. इनकी नियत ठीक नहीं, और आरोप दूसरों पर लगा रहे हैं. स्टील प्लांट के कल आधी रात से बंद किए जाने पर सुशील आनंद ने कहा कि पिछली सरकार में बिजली बिल आधा कर उद्योगों को पटरी पर लाये थे, लेकिन अब फिर से उनका ख़स्ताहाल किया जा रहा है. बिजली बिल में वृद्धि कर छोटे उद्योग को अदाणी के अधीन होने मजबूर कर रहे हैं. बिजली बिल बढ़ाना छोटे उद्योग को सड़क पर लाने की साजिश है. कल रात से स्टील उद्योगों के बंद होने पर कांग्रेस के बयान पर केदार गुप्ता ने कहा कि भाजपा विकास की राह पर चलने वाली पार्टी है. उत्पादकता को बढ़ाने पर हमारा जोर रहता है. उद्योगपतियों की जो भी मांग है, उस पर सरकार विचार करेगी. कमियों को दूर किया जाएगा, जो मान्य मांगें होंगी पूरी होंगी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्ष में है, उसका काम आरोप लगाना है. अडानी-अडानी की माला कांग्रेस जपती रहती है. अडानी की कोयला खदान को काटने का परमिशन भूपेश बघेल ने दिया था. वन की कटाई करो खदान चालू करो यह खुद अडानी से सेटिंग किए थे. राहुल ने फोन किया था. राजस्थान के सीएम आए थे, अडानी को सहयोग करो. कांग्रेस संचार प्रमुख ने निगम मण्डल में नियुक्ति को लेकर कांग्रेस संचार प्रमुख ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने चुनाव जिताया, उनके साथ बीजेपी छलावा कर रही है. 7 महीनों में निगम-मंडलों की नियुक्ति नहीं कर पाई है. यह सरकार कुछ मंत्रियों के लिए चलती है. बृजमोहन अग्रवाल को विधानसभा से बाहर निकल कर संसद भेज दिया गया. कांग्रेस के इस बयान पर केदार गुप्ता ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के साथ छलावा नहीं, निगम मंडल देना कोई उपकृत करना नहीं, निगम मंडल सेवा का पद है. कार्यकर्ता भी उसमें जाते हैं. तो जनता की सेवा करते हैं. बिना पद के भी भाजपा कार्यकर्ता सेवा करते हैं.

## संक्षेप

### 13 लाख की इनामी महिला नक्सली का बड़ा खुलासा

**कवर्धा,28 जुलाई।** 13 लाख की इनामी महिला नक्सली रानीता ने आत्मसमर्पण कर दिया है। कलेक्टर और एसपी अभिषेक पल्लव की मौजूदगी में उसने हथियार छोड़ दिए। रानीता कई बड़ी वारदातों में शामिल रही है और 8 सालों तक नक्सल संगठन में सक्रिय रही। रानीता 2016 में बाल महिला नक्सली के रूप में भर्ती हुई थी और 2017 में तांडा में हुए मुठभेड़ में भी शामिल थी। उसके खिलाफ छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में कुल 13 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाली यह महिला नक्सली मध्यप्रदेश के बालाघाट और कवर्धा में सक्रिय थी। महिला नक्सली ने पुलिस को कई बड़े खुलासे किए हैं, जिससे पुलिस को बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। कवर्धा एसपी अभिषेक पल्लव ने दावा किया कि जिले में अब मात्र 10-12 नक्सली ही बचे हैं। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर सरकार की पुनर्वास नीति के तहत समाज में वापस आएं और सामान्य जीवन व्यतीत करें।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, सुहावना हुआ मौसम

**नईदिल्ली,28 जुलाई।** दिल्ली-एनसीआर इस बार मानसूनी बारिश न होने के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. रविवार सुबह राष्टीय राजधानी में तेज धूप खिली लेकिन सुबह 11 बजे के आसपार दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया और उसके बाद झमाझम बारिश हुई. जिसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली. लेकिन इस बार दिल्लीवालों को मानसूनी की अच्छी बारिश के लिए अभी भी इंतजार है. दिल्ली-एनसीआर में सूरज और बादलों के बीच आंख मिचौली का खेल जारी है. जहां एक पल में बारिश होने लगती है तो दूसरे ही पल तेज धूप खिलने लगती है. रविवार को भी मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही बना हुई है, जहां सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे बारिश हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन कुछ देर बार ही बारिश बंद हो गई और एक बार फिर से तेज धूप निकल आई.

### कोचिंग हादसे पर बोले राहुल गांधी

**नईदिल्ली,28 जुलाई।** दिल्ली कोचिंग हादसे पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दुख जताते हुए कहा कि ये इन्फ्रास्ट्रक्चर का कोलैप्स, सिस्टम की संयुक्त असफलता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

उन्होंने आगे लिखा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का ये कोलैप्स सिस्टम की संयुक्त असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर टाऊन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थाओं की गैर जवाबदेही की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवा कर चुका रहा है। सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है। बता दें कि राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने इस हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान कर ली है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्रेया यादव यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। जबकि तान्या सोनी तेलंगाना और नेविन डालविन केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले थे।इस बीच राजेंद्र नगर के छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर कोचिंग इंस्टीट्यूट और एमसीडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### भारत के युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया का रायपुर प्रवास

jasclaudius@gmail.com

## प्रधानमंत्री मोदी का सपना हो रहा साकार

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भारत की आबादी को दृष्टिगत रखते हुए जब भी अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत की उपलब्धि को दर्शाया जाता है तो वह अफसोसजनक लगता है। खेलकूद में हमारे देश की यह स्थिति क्यों हुई इस पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि न तो हमारे देश में ओलंपिक खेलों या फिर गैर ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखने वाले खेल प्रतिभाओं की कमी है, ना ही संसाधन की, ना ही सुविधाओं की, ना ही धन की। खेलकूद में भारत को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद कमी थी तो ऐसे राजनेता की जिसके अंदर देश की प्रतिष्ठा को खेल व खिलाड़ियों के माध्यम से विश्व में स्थापित करने की चाहत हो। इस विचार में हमारे देश को मई 2014 में एक ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में मिले। इसलिए उन्होंने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत का नाम न सिर्फ खेलकूद में बल्कि आर्थिक, वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, शोध, संचार आदि के क्षेत्र में विश्वव्यापी करने में कामयाबी मिल रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में सफलता पाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने क्रांतिकारी कदम उठाते हुए सबसे पहले खेल विभाग को एक खिलाड़ी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर के हाथों सौंप दिया जिन्होंने निशानेबाजी में 2004 एथेंस के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता था फिर जमीन से जुड़े प्रतिभा सम्पन्न खिलाड़ियों की खोज के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम आरंभ किया। जिसे अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर खेलो इंडिया यूथगेम्स, यूनिवर्सिटी, पैरा, ट्राइबल, विंटर, नार्थ-ईस्ट आदि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन में प्रारंभ की गई। खिलाड़ियों को सम्मान राशि, पुरस्कार, आजीविका के साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। ओलंपिक में दावा पेश करने की क्षमता रखने वाले एथलीट को टाप्स अर्थात टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के अंतर्गत अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को साई की देखरेख में आवश्यक एवं उचित आधुनिक ढंग से उच्च प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भारतीय खिलाड़ियों को किसी तरह प्रशिक्षण, आवास, भोजन , खेल परिसर से संबंधित अधोसंरचना , अत्याधुनिक खेल सामग्री की कमी न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने खेल मंत्रालय का बजट जो की 2013 /14 में मात्र 792.72 करोड़ था उसे 2024/25 के लिए 2236.97 करोड़ अर्थात करीब 182 प्रतिशत बढ़ा दिया है .



इसका परिणाम 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों, 2022 राष्ट्रमण्डल खेल 2022 के एशियाई खेलों में देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी के उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत के खेल एवं युवा कल्याण मामलों के मंत्रालय में किरण रिजिजू, अनुराग ठाकुर ने अपनी सेवाएं दी और अब मनसुख मांडविया खेल के क्षेत्र में भारत का नाम विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रवास के दौरान रायपुर के कोटा में स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रेक, बैडमिंटन हाल, खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग सेंटर तथा फुटबाल ग्रासी फील्ड का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने शासन के तीरंदाजी, हाकी, बालिका फुटबाल तथा एथलेटिक खेल अकादमी के सैकड़ों खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। खेल मंत्री के इस तरह के निरीक्षण व मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ के खेल विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में खेल गतिविधियों को तीव्र करने के लिए प्रस्ताव भी लाये गये। खेल मंत्री मनसुख मांडविया के इस प्रवास से छत्तीसगढ़ में विभिन्न खेल मैदानों के निर्माण व प्रशिक्षण संबंधी सुविधाओं के लिए नये मार्ग प्रशस्त हुए हैं। प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए भारत के किसी खेल मंत्री का यह अपने तरह का पहला प्रयास है। इसके लिए खेल मंत्री मनसुख मांडविया की जितनी तारीफ की जाए कम है परंतु इस प्रवास के दौरान ओलंपिक संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों, वरिष्ठ खिलाड़ियों व खेल पत्रकारों तथा खेल को प्रोत्साहित देने वालों से भेंट का कोई कार्यक्रम नहीं रखा गया था। राज्य सरकार के अधिकारी भविष्य इस बात का ध्यान रखेंगे तो बेहतर होगा।

## एक नजर

### बजट किसान,युवा,महिला सर्वहारा के हित में:मूलचंद शर्मा

**कवर्धा 28 जुलाई।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी तथा राजनांदगांव प्रभारी मूलचंद



शर्मा ने मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के संदर्भ में अपनी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए गरीब कल्याण अन्न योजना को बढ़ाने की घोषणा किसानों के प्रति गहरी चिंता को दर्शित करता है, कैंसर जैसी जीवन लचछी दवाओ पर सीमा शुल्क कम कर कैंसर मरीजों के इलाज काफी राहत प्रदान की गई है बेरोजगारों के लिए 2 लाख करोड़ खर्च करके चार करोड़ बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर किए जाने की घोषणा से बेरोजगारों के मन में नई उमंग व आशाएं जगी है, साथ ही मुद्रा लोन की ऋृण राशि 10 लाख रुपए से बढाकर 20 लाख रुपए किया गया है इससे सभी लोगों को रोजगार मिलेगा वह अपने स्तर पर रोजगार देने में सक्षम होंगे, यह भी एक ऐतिहासिक बजट है इस बजट में कृषि प्रधान देश के लिए कृषि और रोजगार का भी ध्यान रखा गया है इसे किसानो में नई क्रांति आएगी वही किसान विकसित एवं समृद्धशाली होंगे । श्री शर्मा ने आगे कहा कि पीएम सूर्य घर मुक्ति योजना में 300 यूनिट तक मुक्त बिजली के लिए सरकार सब्सिडी देगी यह बजट देश की युवाओं महिलाओं और मध्यम वर्ग को सुनहरे भविष्य की ओर ले जाने वाला संवेदनशील बजट है। नए आवास हेतु आवास इन व्यक्तियों के लिए एक करोड़ आवास बताने की संकल्प की गई है इस प्रकार वर्तमान सरकार के वित्त मंत्री सीतारमण की बजट घोषणा जनहित करी साबित होगी।

### भाजपा उतई मंडल की कार्यसमिति की बैठक 29 जुलाई को

**उतई 28 जुलाई।** भाजपा प्रदेश एवं जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा उतई मंडल की विस्तृत कार्यसमिति बैठक का आयोजन 29 जुलाई को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत करगाडीह सतनाम भवन में भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा की अध्यक्षता में आहूत किया गया किया गया है द्य उक्त बैठक में प्रमुख वक्ता श्री ललित चंद्राकर जी विधायक दुर्ग ग्रामीण,श्री जितेंद्र वर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग,मुख्य वक्ता श्री अजय वर्मा जी नेता प्रतिपक्ष दुर्ग नगर निगम,श्री जागेश्वर साहू जी पूर्व कैबिनेट मंत्री,श्रीमती रमशीला साहू जी पूर्व कैबिनेट मंत्री,श्री प्रितपाल बेलचंदन जी पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष,श्री सुरेंद्र कौशिक जी जिला महामंत्री भाजपा दुर्ग, श्रीमती माया बेलचंदन जी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग,श्री दिलीप साहू जी मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष दुर्ग,श्री रोहित साहू जी जिला मंत्री द्य उक्त कार्यसमिति बैठक में अपेक्षित श्रेणी ~ उतई मंडल भाजपा संगठन पदाधिकारी/ कार्यकारिणी सदस्य,मंडल कार्यसमिति, मंडल में निवासरत प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्यगन, मंडल के समस्त मोर्चा अध्यक्ष/महामंत्री, पदाधिकारीगण, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक /सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बी एल ए दो, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, समर्थित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यगण, सरपंचगण, नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण की उपस्थिति रहेगी द्य उक्त बैठक की जानकारी सोनू राजपूत,पुकेश चन्द्राकर महामंत्री द्वय भाजपा उतई मंडल के द्वारा दिया गया।

### अधेड़ से लाखों की ठगी

**भिलाई 28 जुलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र शेयर ट्रेडिंग व आइपीओ में निवेश करने पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर शांति नगर निवासी एक अधेड़ से 54 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई है आरोपितों ने उसे दो एप के माध्यम से रुपये निवेश करवाए थे जिसमें लाभ सहित कुल राशि एक करोड़ 31 लाख रुपये दिख रही थी पीड़ित ने रुपये निकालने के लिए विड्राल रिक्वेस्ट डाला तो वो रिजेक्ट कर दिया गया इसके बाद उसे यह अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है इसके बाद उसने वैशाली नगर थाना में शिकायत की पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की गई है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी महादेव कामनादान पाढ़ी (52) ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है पीड़ित के मोबाइल पर दो नंबरों से फोन आया था आरोपितों ने एचडीएफसी वीआइपी और टाइगर ग्लोबल एप से शेयर ट्रेडिंग और आइपीओ में निवेश करने का झांसा दिया आरोपितों ने ये भी कहा कि उसे 10 प्रतिशत तक का रोजाना लाभ होगा आरोपितों की बातों में आकर पीड़ित ने पांच से 20 जुलाई के बीच कुल 54 लाख 80 हजार रुपये आरोपितों के बताए हुए खातों में जमा कर दिया। आरोपितों ने पीड़ित को लिंक शेयर कर दो एप भी इंस्टाल करवाए थे। जिस पर पीड़ित को निवेश के बाद लाभ सहित कुल एक करोड़ 31 लाख रुपये की राशि नजर आ रही थी। पीड़ित ने अपने रुपये निकालने के लिए विड्राल रिक्वेस्ट भेजा तो वह रिजेक्ट हो गया। पीड़ित को संदेह हुआ तो उसने एचडीएफसी बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर फोन किया तो उसे जानकारी मिली कि एचडीएफसी की तरफ से इस नाम से कोई भी शेयर ट्रेडिंग एप नहीं चलाया जाता इसके बाद पीड़ित को ठगी का शिकार होने का अहसास हुआ।

## निधन

### धनीराम सोनबेर

**उतई।** ग्राम बोरिगारका निवासी व उतई के सम्मानित साहू अनाज भंडार के संचालक धनी



राम सोनबेर पिता स्व भगेलाराम सोनबेर उम्र 72 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया । वे श्री राम जानकी राइस मिल के संचालक राम सिंह सोनबेर जी बड़े भाई एवम बेनीराम, धनीराम,भगवान सिंह,मान सिंह सोनबेर में दूसरे नंबर के भाई तथा शिव सोनबेर , मुकेश सोनबर के पिता और जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू के चाचा जी थे।

# अनोखा प्रयास:रिकेश सेन ने करवाया कूलर साफ और एक किलो टमाटर किया गिफ्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 28 जुलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन अपने अनोखे अंदाज के लिए जान जाते हैं। लोगों को जागरुक करने के लिए वे अक्सर कुछ अलग करने का प्रयास करते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को विधायक रिकेश खम्हरिया क्षेत्र में अचानक पहुंचे और लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया के साथ मौसमी बिमारियों से बचाव के प्रति जागरुक किया। इसके लिए उन्होंने एक अनोखा प्रयास किया। विधायक रिकेश जिस घर में पहुंचे वहां कूलर का ढक्कन खुलवा भीतर भरा पानी चेक किया। पानी का ठहराव देख उसे साफ करवाया और एक-एक किलो टमाटर गिफ्ट किया। इस मौके पर उन्होंने ऐलान किया कि जो लोग अपने कूलर में भरे पुराने और मटमैले पानी को साफ कर फोटो भेजेंगे, वैशाली नगर के ऐसे तमाम परिवारों को एक-एक किलो फ्री टमाटर दिया जाएगा। विधायक रिकेश ने कहा कि शहर में अधिकांश घरों में कूलर का इस्तेमाल होता है। गर्मी के दिनों में इससे पानी की बौछारों के साथ तेज हवा निकलती है लेकिन कूलर के वाटर टैंक में म%छरों के ब्रीडिंग का खतरा रहता है। यह ब्रीडिंग ठहरे हुए पानी में ही होती है। कूलर से ठंडी हवा आने और पानी की बौछारों के लिए पानी कूलर के नीचे बने एक कंटेनर में जमा रहता है। पानी की मात्रा काफी होती है, जितना बड़ा कूलर होगा, उतना ही बड़ा पानी का कंटेनर होता है लेकिन यही पानी का कंटेनर कई बीमारियों का घर भी बन जाता है। विधायक रिकेश ने कहा कि जैसे ही गर्मी आती है और डेंगू और चिकनगुनिया के मामले भी बढ़ जाते हैं, इसका प्रमुख कारण है कि इस मौसम में कूलर का इस्तेमाल 'यादा होने लगता है और लोग कंटेनर के पानी को जल्दी-जल्दी नहीं बदलते हैं। इस कारण डेंगू या चिकनगुनिया के लार्वा इसमें पनपने लगते हैं और बीमारियां फैलाते हैं। इन बीमारियों से लोग बीमार पड़ते हैं और उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। अस्पताल में भर्ती होने के साथ ही मानव श्रम और अर्थव्यवस्था दोनों को नुकसान होता है, इससे अंतत~ समाज का भी नुकसान होता है। इसलिए खुद निकलकर साफ करवा रहे हैं कूलर भिलाई में डेंगू से कई लोगों की सैकड़ों लोगों की अभी तक मौत हो चुकी है। मैं बिल्कुल नहीं चाहता कि जैसे भिलाई विधानसभा में डेंगू अक्सर अपने पैर जमाए हुए है वैसे ही वैशाली नगर विधानसभा में हो। इसलिए मैं खुद निकला हूं, लोगों के घर में कूलर को साफ कर रहा हूँ, लोगों को कन्वेंस कर हूँ और उनको बता भी रहा हूं कि आप कूलर नियमित रूप से साफ र खें और एक किलो टमाटर फ्री में लीजिए। जिनके कूलर में गंदा पानी दिखा वहां खुद खड़े होकर मैंने साफ़ करवाया ताकि टमाटर की वजह से ही सही, कम से कम साफ कर लें। टमाटर बांटने के पीछे मेरा मकसद जागरूकता फैलाना है ताकि डेंगू जो है वो किसी भी हाल पर वैशाली नगर विधानसभा में न हो। विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता से भी निवेदन किया है कि वो सभी इस दिशा में जागरूक हों तथा सभी जनप्रतिनिधियों से भी श्री सेन ने आग्रह किया है कि इसके लिए सभी को फील्ड में उतरना होगा ताकि लोगों को जागरूक कर ऐसी खतरनाक बीमारियों से पूरा प्रदेश सुरक्षित और खुशहाल रहे।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 28 जुलाई।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज शुक्रवार को कवर्धा के वार्ड क्रमांक 10 और कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम जिंदा में संचालित कुल तीन अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों का अकास्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं द्वारा केन्द्रों के संचालन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय दिशा-निर्देशों का अनुपालन में बरती जा रही उदासिनता पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने ग्राम संबधित परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक के विरूद्ध शोकॉज नोटिस जारी करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम जिंदा से संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र को बेहतर रख-रखाव करने ग्राम सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं सचिव से समन्वय कर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान राज्य शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज मिलने वाली रेटी टूईट, पोषण आहर, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण अभियान और वर्तमान में संचालित शिशु संरक्षण माह के कार्यो की जानकारी ली। कलेक्टर ने कवर्धा के वार्ड क्रमांक 10 मे संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां दर्ज बच्चों, उपस्थित बच्चों और वर्तमान में संचालित शिशु संरक्षण माह के तहत किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की जानकारी ली। यहां बताया कि वार्ड क्रमांक 10 शिशु संरक्षण माह अभियान के अतंर्गत शिशुवती 10 बच्चों सहित 17 बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। कलेक्टर ने इस अभियान को गंभीरता से लेते हुए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। यहां बताया कि इस आंगनबाड़ी में 20 बच्चे है। ग्राम जिंदा के आंगनबाड़ी केन्द्र कंमांक एक में दर्ज बच्चे 22 है, आज की उपस्थिति 19 थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बारिश होने की वहज से बच्चों को भोजन करा कर जल्दी छुट्टी दी गई है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी क्रमांक दो में दर्ज बच्चों की संख्या 25 और आज उपस्थित बच्चों की संख्या 16 थी। कलेक्टर ने बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनश्चित करने के निर्देश दिए। यहां बताया कि इस आंगनबाड़ी केन्द्र में शिशुवती एक,गर्भवती महिला तीन का पंजीयन हुआ है। समान्य कुपोषित बच्चे तीन है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से संचालित होने वाली सभी योजनाओं को पूरी संवेदनशीलता से साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

## दोस्त के बैंक खाते का इस्तेमाल कर एक ही दिन में 1 करोड़ 10 लाख का ट्रांजेक्शन

**भिलाई 28 जुलाई।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र एक दोस्त के बैंक खाते का इस्तेमाल कर एक ही दिन में 1 करोड़ 10 लाख का ट्रांजेक्शन कर लिया आरोपियों ने पीड़ित की आर्थिक मदद का झांसा देकर उसके एकाउंट की चेकबुक, पासबुक और एटीएम रुपए दोस्त करंट लिया था बैंक से फोन आने पर युवक को जानकारी कि वर्तमान में खाते में माइनस 68 लाख बैलेंस बता रहा है। रिपोर्ट पर आरोपी आयुष थदानी और सतबीर सिंह के खिलाफ धारा 318, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। हुई रुपए खुर्सीपार टीआई वंदिता पणिकर ने बताया कि न्यू खुर्सीपार गणेश चौक निवासी रजत शर्मा इवेन्ट मैनेजमेंट का कार्य करता है। कंपनी का आर.एस. इवेन्टस है। फर्म के लेनदेन के आईसीआईसीआई बैंक की नेहरू नगर शाखा खाता खोल रखा है। आर्थिक समस्या आने जुलाई को शांति नगर निवासी मित्र आयुष नाम लिए में चालू पर 18 थदानी को 50 हजार रुपए की जरुरत की बात कही। इस पर आयुष ने अपने परिचित से पैसा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उसके खाते का नंबर और कॉर्पोरेट अकाउंट का सिम नंबर मांग लिया। अगले दिन सुबह 11 बजे उसका मित्र आयुष उसके घर पहुंचा और उसके खाते की चेकबुक और एटीएम कार्ड ले लिया। इसके बाद सतबीर सिंह ने आयुष थदानी एवं संदीप के खाते में क्रमशः 10 हजार एवं उसके बाद 40 हजार रुपए ऑनलाइन पैसा डाला। इसके बाद संदीप ने उसे एटीएम से 50 हजार रुपए कैश दे दिए। वहीं सतबीर सिंह और आयुष ने उसकी सिम को 20 जुलाई को लौटाने की बात कही इसी बीच उसी दिन शाम 5 बजे बैंक से शाखा में आने के लिए कॉल आया इस पर 22 जुलाई को बैंक पहुंचने पर बैंक मैनेजर से पता चला कि कि खाते में अत्यधिक लेन-देन होने के कारण खाते को ब्लाक कर दिया गया है।

## 12 स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार के लिए क्वालीफाई




**उतई 28 जुलाई।** जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड एवं निपुर्ण रोवर रेंजर जांच शिविर का आयोजन शासकीय हाई स्कूल गब्दी में विगत दिनों किया गया जिसमें दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई के 12 स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने भाग लिए एवं सफलता पूर्वक राज्यपाल पुरस्कार के लिए क्वालीफाई हुए । सभी स्काउट के विद्यार्थी कुणाल देवांगन, इशांत कुमार, वैभव सिंह राजपूत, रणवीर ठाकुर, भोजराज साहू, दुर्गेश चंद्राकर तथा गाइड के विद्यार्थी कु. हर्षिता , भूमिका साहू ,प्राची बघेल, टिनल, प्राची साहू एवं अंजलि को दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा ,बोर्ड परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर , उपप्राचार्य अनीता अहीर, शांता सोनवानी प्रधान पाठक शरणजीत कौर ,एस आर सेन,स्काउट मास्टर तरुण यादव समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्य प्रेमिस यदु , सूरज कुमार यादव ,संतोष कुमार मिश्रा ,दामेश्वर प्रसाद साहू ,राजेश महिपाल ,मोहर लाल कमड़े, श्रीमती लता साहू, टोमिन साहू ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# नगर पंचायत साजा में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा प्रारंभ



**साजा 28 जुलाई।** शासन के आदेशानुसार दिनांक 27/07/2024 से दिनांक 10/08/2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाडा का आयोजन नगरीय क्षेत्र साजा के विभिन्न वार्डो में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया गया है स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिको को मूल भुत नागरिक सुविधाए यथा नल जल आपूर्ति ,राशन कार्ड सामाजिक सहायता योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा , नालियों एवं गलियों की साफ सफाई, सडको की गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट मरम्मत आदि दयनान्दिनी समस्यायों के निराकरण करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है शुभारम्भ दिनांक 27/07/2024 से 29.07.2024 को यादव भवन साजा में वार्ड क्रमांक 01, 07, एवं 15 दिनांक 30.07.2024 से 01.08.2024 वार्ड क्रमांक 02,03,04 कर्मा भवन साजा, दिनांक 02.08.2024 से 04.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 05सेवा भवन साजा में वार्ड क्रमांक 05, 09,10 दिनांक 05.08.2024 से 07.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 08 सांस्कृतिक मंच राम मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06,08,11 दिनांक 08.08.2024 से 10.08.2024 तक वार्ड क्रमांक 12 डॉ बी आर अम्बेडकर भवन साजा में वार्ड क्रमांक 12,13,14 जनसमस्या का शिविर आयोजित होगा जिसमे आम नागरिकों से अपील है है उक्त पखवाड़ा में मांग शिकायत से संबंधित आवेदन कर सकते है दिनांक 27.07.2024 को यादव भवन साजा में निवारण पखवाडा का आगाज हुआ जिसमे 05 मांग आया था जिसमे त्वरित निराकरण करते हुए कार्यवाही 05 मांग पर निराकरण किया गया इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ साथ नगरीय निकाय के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे ।

# तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा, लिए गए अनेक निर्णय



**पाटन 28 जुलाई।** तहसील साहू संघ पाटन की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को साहू सदन पाटन में तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे विभिन्न विषयो पर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया एवं समाजोन्मुखी निर्णय लिए गए द्य बैठक में प्रमुख रूप से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामुहिक आदर्श विवाह 2024 आय-व्यय की जानकारी, सत्र 2023-2024 आमसभा की तैयारी पर चर्चा, तीज मिलन समारोह के आयोजन पर चर्चा, आगामी तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं विशाल आदर्श विवाह के आयोजन पर चर्चा, आमसभा में सुझाव आमंत्रण पत्र आमंत्रित करने बाबत स्थानीय / परिक्षेत्र / तहसील साहू संघ को दिशा निर्देश पर चर्चा, सामूहिक आदर्श विवाह एवं विशाल कर्मा जयंती ग्राम पतोरा के लिए निर्धारित दान राशि अप्राप्त ग्रामीण इकाई पर चर्चा किया गया।

तहसील साहू संघ पाटन द्वारा समाज में महिलाओं की भागीदारी के लिए तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 1सितंबर को तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमे समाज की महिलाओं द्वारा गीत,नृत्य, शिक्षाप्रद प्रहसन के माध्यम से सामाजिक जागरूकता पेश की जाएगी। साथ ही रंगोली, व्यंजन, फुगड़ी एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता भी होगा द्य जिसमे पाटन तहसील के 99 इकाई के हजारों महिला भाग लेंगे।

अप्रैल 2025 में होगी सामूहिक आदर्श विवाह तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विगत 22 वर्षो से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष का आयोजन अप्रैल 2025 में परिक्षेत्रिय साहू संघ झिट में किये जाने का प्रस्ताव लिया गया ।

मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश साहू अध्यक्ष, खेमलाल साहू महासचिव, गंगादीन साहू, धनराज साहू, किशोर साहू, किशन हिरवानी, डा.सुरेश साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, मोनू साहू, गुलाब साहू, सरिता साहू, गोपेश साहू, कमलेश्वरी साहू, हरिशंकर साहू, रविशंकर साहू, टेसराम साहू, कल्याण साहू, दुलेश्वर साहू, गायत्री साहू, चांदनी साहू, उषा साहू, कोमीन साहू, पारखत साहू, हिमांचल साहू, केवरा साहू, भूमिका गंजीर, त्रिवेणी साहू,भुनेश्वरी साहू, श्यामलाल साहू, कौशल बनपेला, सालिक साहू, रामनारायण साहू, रघुनंदन साहू, द्वारिका साहू, पुरन साहू,टीकाराम साहू, बलराम साहू,डोमन साहू,गजेंद्र साहू, पोषेंद साहू,अर्जुन साहू,मूलचंद साहू, संपत साहू,चित्रसेन साहू, रूपेंद्र साहू,छगन साहू,महेंद्र साहू, यमंक साहू,शिवकुमारी साहू,तुलाराम साहू,युगल किशोर साहू,सुकदेव साहू, कैलाश साहू,राजकुमार साहू,रूपेश साहू,रामलाल साहू, नंद कुमार साहू, डेरहा राम साहू,नाथू राम, अर्जुन साहू, ढाल सिंह साहू, टीकाराम साहू,संजय साहू, फगेश साहू,तेजराम,रामुराम,कमल कुमार, बचन कुमार, महेश साहू,नोहर सिंह, प्रेमनारायण, चंद्रशेखर साहू,पवन कुमार, जगनुराम,थानसिंह, एनलाल साहू, बालमुकंड साहू, पुराणिक साहू, पवन कुमार, मंथिर साहू, जागेश्वर साहू, चिंताराम, चेलाराम,डागेंद्र साहू,संतोष साहू, हेमंत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कबीरधाम पुलिस ने कांवड़ियों का किया शानदार स्वागत



**कवर्धा 28 जुलाई।** कबीरधाम जिले के बोलबम समिति के कॉवड़ियो द्वारा अमरकंटक से जल लेकर पंचमुखी बुढ़ामहादेव मंदिर में जलाभिषेक करने हेतु कवर्धा शहर में पहुंचने के दौरान महाराणा प्रताप शौर्य भवन के सामने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, उप. पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, उप. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, प्रकाश चंद्रवंशी , कैलाश चंद्रवंशी एवं जिले के डी.आर.जी. रक्षित केंद्र, यातायात के अधिकारी जवानों द्वारा अधिक संख्या में उपस्थित होकर कॉवड़ियो का आरती उतार कर पुष्प की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### नकाबपोश बाइक सवार युवक सोने की चेन खींचकर भागा

**भिलाई 28 जुलाई।** नेवई थाना क्षेत्र नकाबपोश बाइक सवार युवक दो महिलाओं से पता पूछने के बहाने सोने की चेन खींचकर भाग गया। घटना मार्च माह की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। नेवई पुलिस ने बताया कि कलादेवी पाण्डेय (70 वर्ष) 6 मार्च की सुबह 7 बजे अपने घर के पीछे वाले स्ट्रीट मैत्री नगर रिसाली में टहल रही थी। उसी समय एक युवक स्कार्फ लगाया हुआ था और आस -पास देख रहा था तब प्रार्थिया ने उससे पूछा कि किसका घर ढूंढ रहे हो। वह पास आया गले में पहने सोने की चेन वजनी करीब 1.5 तोला खींचकर भाग गया। अपने मूलग्राम देवरिया (उ.प्र) चले गये थे। वहां से आने के बाद रिपोर्ट दर्ज करायी। एक अन्य घटना में नेवई पुलिस ने बताया कि मैत्रीकुंज निवासी इंदू साहू (67 वर्ष) 6 मार्च की शाम 7 अपने घर के सामने खड़ी थी तभी एक युवक मुंह में स्कार्फ बांधकर पास आया तो प्रार्थिया रुक गई। उसने प्रदीप शर्मा का पता पूछा तो प्रार्थिया ने कहा कि उसे नहीं मालूम तो वह तुरंत प्रार्थिया के गले में पहने सोने की चेन करीब 16.54 ग्राम को खींचकर बाइक से भाग गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 356,379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर में युवक की लाश मिली


**भिलाई 28 जुलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र घर में बंद दो दिन पुराना एक युवक की लाश मिली। पंचनामा कर शव को मरच्युरी भेज दिया है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है नंदिनी पुलिस ने बताया कि बेरला तिराहा अहिवारा निवासी कमल ढीमर (45 वर्ष) की लाश शनिवार की सुबह घर में जमीन में मिली। पुलिस ने बताया कि मृतक घर में अकेला रहता था। माता-पिता की पूर्व में मौत हो चुकी थी मृतक का तीन वर्ष पत्नी से तलाक हो गया था मृतक शराब व गांजा पीने का आदी था पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### डॉ. जयश्री गोपीनाथ का अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में

**भिलाई 28 जुलाई।** दुर्ग की जनता में सबसे लोकप्रिय चिकित्सक डॉ. गोपीनाथ की धर्मपत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री गोपीनाथ का शनिवार को प्रात~ सवा 9 बजे निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ्य थी। डॉ. जयश्री गोपीनाथ बेहद ही मधुर व सरल स्वभाव की थी और वे हमेशा गरीब मरीजों को अपने पति डॉ. गोपनाथ के जैसे ही बेहद ही सेवाभावी थी। वे नगर के लालबहादुर शास्त्री हॉस्पिटल मे लंबे समय तक सेवारत रही और मरीजों की मददगार थी। वे असहाय गरीब मरीजों को फ्री में दवा भी अपने पास से देती थी। वे के. श्रीकांत की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा 28 जुलाई दिन रविवार को उनके निवास स्थान प्रियदर्शनी परिसर ईस्ट से राम नगर मुक्ति धाम के लिए सुबह 10 बजे निकाली गई। वे के.काशीविश्वनाथ, डॉ के. गुरुनाथ, के.श्रीनाथ, के. प्रेमनाथ, की भाभी थी।

### छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भिलाई 28 जुलाई।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र स्कूल के टेस्ट परीक्षा में अपेक्षा से कम नंबर आने पर देर रात तक मोबाइल चलाने को लेकर पिता की



फटकार के बाद 11 वीं के छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घर के ऊपर वाले कमरे में बाक्सिंग पंचिंग बैग के बेल्ट से फंदा बना बेटा झूल गया। किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। यह मामला स्मृति नगर चौकी के पचरी पारा विनोबा नगर जुनवानी का है स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि छात्र का नाम चुम्मन लाल साहू है। 16 साल का चुम्मन माइल स्टोन स्कूल में बायोलॉजी संकाय में कक्षा 11 वीं का छात्र था। उसके पिता शिव प्रकाश साहू एक स्कूल में माली का काम करते हैं जबकि मां सुरेखा साहू टेलरिंग का काम करती है। बताया जा रहा है कि चुम्मन के स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग थी। उसके पिता उसमें गए थे। टेस्ट परीक्षा में नंबर कुछ कम होने से उन्होंने घर आकर उसे डांटा कि पढ़ाई छोड़कर रात को 12-1 बजे तक मोबाइल में गेम खेलते रहता है। इसके बाद चुम्मन ने रात में खाना खाया और किताब लेकर बोला कि वह ऊपर के कमरे में पढ़ने जा रहा है। काफी देर बाद उसके पिता ने उसके मोबाइल में फोन लगाया तो उसने फोन नहीं उठाया। उन्होंने बड़े बेटे को देखने भेजा तो चुम्मन फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि पंचिंग बैग के बेल्ट से फंदा बना छात्र उसमें झूल गया था चुम्मन का बड़ा भाई बाक्सिंग का शौकीन हैं इसलिए उसने घर के ऊपर वाले कमरे में बाक्सिंग पंचिंग बैग लगा रखा था फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक नजर

### पुलिस ने जिले के समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग की



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** 27 जुलाई को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशानुसार ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश किया गया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर के गली मोहल्लों, चौक चौराहों व कालोनियों में पैदल पेट्रोलिंग करने दिया निर्देश। चोरी की घटना बढ़ने के संभावनाओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पैदल पेट्रोलिंग करने कहा गया। शहर भ्रमण के दौरान संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मोटर सायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घुमने वाले मंचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार जिले के सभी अनुविभाग/थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ पैदल पेट्रोलिंग किया। पैदल पेट्रोलिंग से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और गुंडा बदमाशों में भय बना रहेगा।

### कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षण कार्यों की प्रगति के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जरूरतमंद एवं प्रशिक्षण हेतु इच्छुक हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान करने कहा। उन्होंने योजना के गाईडलाईन अनुसार ही कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं अपने समय अनुकूल प्रशिक्षण प्रारंभ कर सकते हैं। कलेक्टर ने कृषि विभाग, शासकीय आईटीआई राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़, वन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा विभाग एवं शासकीय दिग्विजय कॉलेज को पंजीकृत पाठ्यक्रम एवं कोर्स में शीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री आरआर खरे, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अनुप चटर्जी, सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण श्री देवेन्द्र महेश्वरी सहित वन विभाग, शासकीय आईटीआई राजनांदगांव व डोंगरगढ़, शासकीय दिग्विजय कॉलेज, क्रेडा विभाग के अधिकारी एवं शासकीय व अशासकीय वीटीपी के संचालक उपस्थित थे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने अवैध मिठाई कारखाना में दी दबिश



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर राजनांदगांव शहर के कुआं चौक नंदई में अवैध रूप से संचालित मिठाई एवं सोनपापड़ी निर्माता कारखाना में दबिश दी गई। इस दौरान फर्म में व्यापक अनियमितता तथा साफ-सफाई व दस्तावेजों का अभाव पाया गया। जांच के दौरान फर्म में वैध खाद्य लायसेंस भी नहीं पाया गया। अव्यवस्थाओं के बीच निर्माण किए जा रहे सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक, तेल, मैदा सहित अन्य खाद्य सामग्री जप्त कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु सेंपल लिया गया। लगभग 67 हजार रूपए मूल्य की लूस सोनपापड़ी, नारियल मैसूर पाक को सीज कर अभिगृहित किया गया है। कारखाने में निर्माण एवं भंडारित किए जा रहे खाद्य सामग्री को जो संभवत- आगामी रक्षाबंधन त्यौहार में विक्रय करने की तैयारी थी, किंतु विभाग की कार्रवाई से यह योजना पूरी नहीं हो पायी। फर्म के संचालक को वैध दस्तावेज, उचित साफ-सफाई एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री का नियमानुसार व्यापार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। फर्म के संचालक द्वारा स्वमेव आगामी कार्रवाई तक निर्माण बंद कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को वैध दस्तावजों के साथ गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का व्यापार करने की अपील की है।

### चंदनबाहरा कक्ष में दलदल में फंसने से हाथी के बच्चे की मौत

**नगरी 28 जुलाई।** धमतरी वन मंडल के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र में लगभग 35 से 40 सिकासेर हाथियों का दल लगातार पूरे इलाके में घूम रहा है बारिश के चलते जंगलों में दलदल हो गया है



इसमें फंस कर एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई है, शव को देखने से ऐसा लग रहा है कि यह घटना चार से पांच दिन पुरानी है, जानकारी के मुताबिक घटना सांकरा वन परिक्षेत्र के चंदनबाहरा कक्ष क्र 360 की है,जंगल में नाला किनारे नन्हे शावक दलदल में फंस गया और उसकी मौत हो गई, शावक की उम्र लगभग तीन माह बताया जा रहा है, वनविभाग के द्वारा मृत शावक का पोस्टमार्टम कराया गया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री ने रायपुर में वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की जरूरत बताई



**रायपुर, 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक में राज्य की विकास योजना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य की प्राथमिकताओं और विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी, जिसमें शिक्षा, मानव संसाधन विकास , स्वास्थ्य, और तकनीकी उन्नति पर जोर दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं को साझा किया, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में राज्य की भूमिका को स्पष्ट करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि , छत्तीसगढ़ 2047 तक विकसित भारत में प्रमुख भूमिका निभाएगा। वर्तमान में राज्य का तस्र्ष्ठक्क5.05 लाख करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार और लक्ष्यों पर काम शुरू किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्य फोकस स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने पर है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यावसायिक कौशल और ट्रेनिंग से जोड़ा जा रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को ऐसी क्षमताएँ देना है जो उन्हें रोजगार के लिए तैयार करें। राज्य में प्रत्येक छात्र के लिए %वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी कार्ड% (क्क्क आईडी) बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसमें छात्र के शैक्षणिक अनुभव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप में मौजूद होंगी।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता, सतत विकास, और राज्य की संस्कृति व परंपरा के संरक्षण की योजना साझा की। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ सुपर फूड्स की पैदावार और प्राकृतिक औषधालयों का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईटी सेक्टर के विस्तार के साथ-साथ सड़कों, इमारतों जैसी भौतिक संरचनाओं और इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क जैसी डिजिटल सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए केंद्र से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया गया है और 100 गांवों को पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित बनाने की योजना बनाई है। सरकारी भवनों में रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है, और नया रायपुर के अधिकांश सरकारी भवनों में ये संयंत्र स्थापित कर दिए गए हैं, जिनसे विद्युत आपूर्ति ग्रिड में की जाती है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक 96 प्रतिशत घरों में पेयजल पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2047 तक केवल विकसित ही नहीं, बल्कि जल-सुरक्षित भारत 2047 भी होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और आर्थिक सहयोग की उम्मीद जताई। इसके अलावा, रायपुर में नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग और रिसर्च इंस्टीट्यूट को और मजबूत करने के साथ-साथ वर्षा-जल संरक्षण अनुसंधान केंद्र की स्थापना की भी मांग की। उन्होंने कहा कि, इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ में बारिश के पानी को सही से संचित और इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे जल संकट कम होगा और किसानों को ज्यादा मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की तैनाती की गई है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक में की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सेवी शिक्षकों के पंजीयन, असाक्षरों का पंजीयन सर्वे एवं पोर्टल में एंट्री के कार्य में गति लाते हुए माह के अंत तक सर्वे एवं डाटा एंट्री का कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही उल्लास कार्यकम के लिए माहौल तैयार करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने कहा। सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान पाठक के साथ समन्वय करने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका असाक्षरों व स्वयं सेवी शिक्षकों के चिन्हांकन में सहयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षार्थी व स्वयंसेवी शिक्षकों



का चिन्हांकन एवं डाटा एंट्री तथा सितंबर 2024 व मार्च 2025 में आयोजित होने वाले मूल्यांकन आकलन परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उल्लास शपथ दिलाई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विद्यालयों में संपर्क कर कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक अध्यनरत विद्यार्थियों को स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को 10 अंक बोनस दिया जाएगा। उन्होंने इसका प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में पंजीयन करने प्रोत्साहित करने और संबंधित प्रचार्य व ग्राम प्रभारी को सहयोग प्रदान करने कहा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश एवं संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के अनुसार 2030 तक सभी युवा प्रौढ़ पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुशंसा एवं भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरूप्रीत कौर, एपीसी समग्र शिक्षा श्री आदर्श वासनिक, एपीसी समग्र शिक्षा श्री प्रणिता शर्मा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सभी स्त्रोत समन्वयक, साक्षरता कार्यक्रम प्रभारी, बीपीएम आजीविका मिशन, संकुल समन्वयक, विकासखंड राजनांदगांव के स्कूलों के प्रधान पाठक उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जुड़े रहे।

## कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत किसानों के बीमा आवरण की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 अत्र्र्णी कृषकों की बीमा आवरण की समीक्षा बैठक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत किसानों द्वारा बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। उन्होंने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा बीमा कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में रोकने के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने रबी फसल में किसानों को धान के बदले अन्य कम पानी उपयोग वाली फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने गांवों में निर्मित तालाब एवं डबरी में मछलीपालन करने के लिए किसानों को सलाह देने कहा। बैठक में लोक सेवा केन्द्र नई दिल्ली से केन्द्रीय स्तर के अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र कुमार एवं राज्य स्तर के लोक सेवा केन्द्र अधिकारी श्री जयनारायण पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत पानी बचाने एवं जल का समुचित उपयोग करने की




शपथ दिलाई। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना 2024-25 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं समीक्षा भी की गई और अत्र्र्णी कृषकों को बीमा आवरण में शत-प्रतिशत सम्मिलित करने कहा गया। बीमा प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए शासन के नियमों, निर्देशों, बीमा करने प्रीमियम जमा करने, खाते से प्रीमियम कटौती करने सहित अन्य विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने का आग्रह करने कहा गया। फसलों का बीमा कराने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। इसके साथ ही ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। किसान बीमा कराने के लिए संबंधित समिति, बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र से संपर्क कर सकते है तथा एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

### जनसमस्या निवारण पखवाड़े का मोतीपुर में हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये शासन निर्देशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन निगम सीमाक्षेत्र में किया गया है, आज शिविर के पहले दिन मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वार्डवासियों ने राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास के अलावा पेयजल, विद्युत, सफाई आदि के संबंध में आवेदन दिये। बारिश के कारण कुछ वार्डो के शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है। आज मोतीपुर में आयोजित शिविर का जायजा लेकर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आज मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये आयोजित शिविर में पार्षदों की उपस्थिति में वार्डवासी प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड सहित पेयजल, सफाई, विद्युत तथा निर्माण संबंधी आवेदन दिये, जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कल 28 जुलाई को निगम सभागृह में वार्ड नं. 14,15 व 26 के लिये, 29 जुलाई को देवांगन समाज भवन चिखली में वार्ड नं. 5 व 6 के लिये तथा 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे।

## घुमंतू मवेशियों का धर-पकड़ अभियान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को प्रतिदिन पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 12 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। इस संबंध में जिलाधीश महोदय श्री संजय अग्रवाल ने निर्देश दिये थे और आज कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तथा उपायुक्त श्री मोबिन अली,



कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा के साथ मवेशी धरपकड अभियान का जायजा लिया गया। नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो नंदई, कुँआ चौक, इंदिरा नगर, कमला कालेज चौक, रामकृष्ण नगर तथा हाईवे रोड से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 12 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। एक सप्ताह में शहर के विभिन्न चौक चौराहों से 29 मवेशी पकडे गये थे। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा।

समाचार संक्षेप

### परिसीमन के आदेश से जनता के हितों का हनन हो रहा था, याचिका पर हाई कोर्ट ने दिया स्टेः कुलबीर छाबड़ा




**राजनांदगांव 28 जुलाई।** साल के अंतिम माह नवंबर-दिसंबर 2024 में होने वाले नगरीय निकाय का चुनाव को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा 2011 जनगणना को आधार मानकर नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन कराया जा रहा है जो हर पहलू से न्यायसंगत उचित नहीं लगा और सत्ता सरकार अपने लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य परिसीमन कराया जा रहा है जो जनहित की दृष्टि में उचित नहीं है। जिसको लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा परिसीमन के विरोध में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा मेरी याचिका पर स्टे दिया गया है। इस संबंध में नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय के निर्वाचन प्रक्रिया में परिसीमन का आदेश शासन द्वारा निकाले जाने से जनता के हितों का हनन हो रहा था। जिस पर मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज कर माननीय उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ा। मेरी याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 3693/2024 के विद्धान वकील रत्नेश अग्रवाल ने की हैं। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि 2011 में हुई जनगणना के अनुसार जनसंख्या राजनांदगांव शहर की 1,63,114 है। 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ फिर 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ। 2021 में जनगणना होनी थी जो कि नहीं हुई है। श्री छाबड़ा ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 वर्तमान में फिर से परिसीमन प्रक्रिया की जा रही है, जब वार्ड 51 है और इन्हीं 51 वार्डों में 1,63,114 की जनसंख्या के आंकड़े को घूमाकर वार्ड के क्षेत्रों को बार-बार बदला जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। जब 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है इसलिए वार्ड के विस्तार सुधार के लिए जारी निर्देश के बावजूद जनसंख्या का कोई नया आंकड़ा नहीं है। इस कारण वार्ड का पुर्नगठन किया जाता है तो आरक्षण भी प्रभावित होगा और शहर के प्रत्येक नागरिकों को वार्ड क्रमांक और क्षेत्र बदलने के कारण वार्ड नं. एवं अपने निवास की जानकारी के लिए फिर से आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट और संबंधित सभी उपयोग में होने वाले दस्तावेजों में सुधारने के लिए फिर से जनता को नया आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाना पड़ेगा, जिससे शारीरिक, आर्थिक और मानसिक परेशानी होगी।


### सरस्वती शिशु मंदिर नगरी में बाल भारती व किशोर भारती का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**नगरी 28 जुलाई।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल नगरी में कार्यक्रम आयोजित कर बाल भारती व किशोर भारती एवं कन्या परिषद का गठन किया गया, इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरी के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री मिश्रा जी, सिहावा थाना प्रभारी श्री तिवारी जी,नगरी थाना प्रभारी श्री डडसेना जी के द्वारा सभी पदाधिकारियों को पद, अनुशासन एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नगरी द्वारा बच्चों को गुड टच बेड टच, साइबर क्राइम, यातायात के नियमों के साथ ही मोबाइल का उपयोग एवं दुरुपयोग संबंधी कानूनी जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने अनुविभाग के पुलिस अधिकारी को अपने बीच पाकर काफी गौरवान्वित महसूस किये।

# आज हम आपको बताएंगे आखिर सोमवार ही शिव का दिन क्यों ?

**रायपुर 28 जुलाई।** सनातन धर्म में हर दिवस का संबंध किसी न किसी देवता से है। रविवार को भगवान भास्कर की उपासना की जाती है। मंगलवार को भगवान् मारूतिनन्दन का दिन माना जाता है। कहीं कहीं इसे मंगलमूर्ति गणपति का भी दिवस मानते हैं। बुधवार को बुध की पूजा का विधान है क्योंकि यह शांति का दिवस है। बृहस्पतिवार को कदली वृक्ष में गुरु की पूजा की जाती है। शुक्रवार भगवती संतोषी का दिवस प्रसिद्ध है तो शनिवार को महाकाल रूप भैरव एवं महाकाली की सपर्या संपन्न की जाती है। ठीक ऐसे ही भगवान् शंकर सोमवार को सबसे ज्यादा पूजे जाते हैं। हर सनातनधर्मी का आग्रह होता है कि और किसी दिन शिव मंदिर जाएँ या न जाएँ लेकिन सोमवार को दर्शन अवश्य करेंगे। आखिर ऐसा क्यों? शिव के लिए सोमवार का आग्रह ही क्यों? आईए! इस पर कुछ विचार करें। सबसे पहले दिनों की उत्पत्ति के सन्दर्भ में विचार करते हैं। वास्तव में ये सारे दिवस भगवान् शंकर से ही प्रकट माने जाते हैं। शिव-महापुराण के अनुसार प्राणियों की आयु का निर्धारण करने के लिए भगवान्



शंकर ने काल की कल्पना की। उसी से ही ब्रह्मा से लेकर अत्यन्त छोटे जीवों तक की आयुष्य का अनुमान लगाया जाता है। उस काल को ही व्यवस्थित करने के लिए महाकाल ने सप्तवारों की कल्पना की। सबसे पहले ज्योतिस्वरूप सूर्य के रूप में प्रकट होकर आरोग्य के लिए प्रथमवार की कल्पना की-

संसारवैद्यः सर्वज्ञः सर्वभेषजभेषजम।
आय्वारोग्यदं वारं स्ववारं कृतवान्प्रभुः॥

अपनी सर्वसौभाग्यदात्री शक्ति के लिए द्वितीयवार की कल्पना की। उसके बाद अपने ज्येष्ठ पुत्र कुमार के लिए अत्यन्त सुन्दर तृतीयवार की कल्पना की। तदनन्तर सर्वलोकों की रक्षा का भार वहन करने वाले परम मित्र मुरारी के लिए चतुर्थवार की कल्पना की। देवगुरु के नाम से पञ्चमवार की कल्पना कर उसका स्वामी यम को बना दिया। असुरगुरु के नाम से छठे वार की कल्पना करके उसका स्वामी ब्रह्मा को बना दिया एवं सप्तमवार की कल्पना कर उसका स्वामी इंद्र को बना दिया। नक्षत्र चक्र में सात मूल ग्रह ही दृष्टिगोचर होते हैं, इसलिए भगवान् ने सूर्य से लेकर शनि तक के लिए सातवारों की कल्पना की। राहु और केतु छाया ग्रह होने के कारण दृष्टिगत न होने से उनके वार की कल्पना नहीं की गई।

ऐसे तो भगवान् शंकर की उपासना हर वार को अलग फल प्रदान करती है। पुराणशिरोमणि शिवमहापुराण के अनुसार-

आरोग्यंसंपद चैव व्याधीनांशांतिरेव च।
पुष्टिरायुस्तथाभोगोमृतेर्हानिर्यथाक्रमम॥

अर्थात स्वास्थ्य, संपत्ति, रोग-नाश, पुष्टि, आयु, भोग तथा मृत्यु की हानि के लिए रविवार से लेकर शनिवार तक भगवान् शङ्कर की आराधना करनी चाहिए। सभी वारों में जब शिव फलप्रद हैं तो फिर सोमवार का आग्रह क्यों? ऐसा लगता है की मनुष्य मात्र को सम्पत्ति से अत्यधिक प्रेम होता है, इसलिए उसने शिव के लिए सोमवार का चयन किया।पुराणों के अनुसार सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा भगवान् शङ्कर के शीश पर मुकुटायमान होकर अत्यन्त सुशोभित होता है। लगता है कि भगवान् शङ्कर ने जैसे कुटिल, कलंकी, कामी, वक्री एवं क्षीण चंद्रमा को उसके अपराधी होते हुए भी क्षमा कर अपने शीश पर स्थान दिया वैसे ही भगवान् हमें भी सिर पर नहीं तो चरणों में जगह अवश्य देंगे। यह याद दिलाने के लिए सोमवार को ही लोगों ने शिव का वार बना दिया।

अथवा सोम का अर्थ सौम्य होता है। भगवान् शङ्कर अत्यन्त शांत समाधिस्थ देवता हैं। इस सौम्य भाव को देखकर ही भक्तों ने इन्हें सोमवार का देवता मान लिया। सहजता और सरलता के कारण ही इन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। अथवा सोम का अर्थ होता है उमा के सहित शिव। केवल कल्याणरी शिव की उपासना न करके साधक भगवती शक्ति की भी साथ में उपासना करना चाहता है क्योंकि बिना शक्ति के शिव के रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है। इसलिए भक्तों ने सोमवार को शिव का वार स्वीकृत किया।

अथवा सोम में ? समाया हुआ है। भगवान् शंकर ?कार स्वरूप हैं। ?कार की उपासना के द्वारा हीं साधक अद्वय स्थिति में पहुँच सकता है। इसलिए इस अर्थ के विचार के लिए भगवान् सदाशिव को सोमवार का देव कहा जाता है।अथवा वेदों ने सोम का जहाँ अर्थ किया है वहाँ सोमवल्ली का ग्रहण किया जाता है। जैसे सोमवल्ली में सोमरस आरोग्य और आयुष्यवर्धक है वैसे ही शिव हमारे लिए कल्याणकारी हों, इसलिए सोमवार को महादेव की उपासना की जाती है। अथवा सोम का अर्थ चंद्रमा है और चंद्रमा मन का प्रतीक है। जड़ मन को चेतनता से प्रकाशित करने वाला परमेश्वर ही है। मन की चेतनता को पकड़कर हम परमात्मा तक पहुँच सकें, इसलिए देवाधिदेव भूतभावन पूतपावन परमेश्वर की उपासना सोमवार को की जाती है।

# एण्डटीवी पर होगा एंटरटेनमेंट का बड़ा धमाका

एण्डटीवी के लोकप्रिय शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में यह सप्ताह ड्रामा और मनोरंजन से भरपूर रहेगा। इन शोज की आगामी कहानियों के बारे में उनके मुख्य कलाकारों ने विस्तार से बताया है। इनमें शामिल हैं 'अटल' की कृष्णा देवी ऊर्फ नेहा जोशी, 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह ऊर्फ योगेश त्रिपाठी और 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे।



एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में, कृष्णा देवी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''अटल का प्रायश्चित जारी है, लेकिन सरपंच और उसके आदमी सभी लोगों को उसे भिक्षा देने से मना करते हैं। दो लड़कियाँ अपने घर में किसी को बताए बिना अटल के लिए भिक्षा ले आती हैं। स्टीफन और पंचायत के लोग चर्चा करके कहते हैं कि उन लड़कियों द्वारा दिया गया खाना भिक्षा नहीं माना जाएगा और यदि अटल वह खाना लेगा, तो उसका प्रायश्चित विफल हो जाएगा। अटल अपने सिद्धांतों और आदर्शों को लेकर अडिग है। वह विनम्रता से लड़कियों को मना कर देता है और उन्हें समझाता है कि वह उनसे खाना क्यों नहीं ले सकता। अगले दिन, अटल किसी दूसरे गाँव में बेहोश होकर गिर जाता है और कृष्णा देवी घबरा जाती हैं।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) दूध की स्वादिष्ट चाय बनाने के लिए राजेश (गीतांजलि मिश्रा) की तारीफ करती हैं और बदले में सोने का हार तथा अंगूठी देने का वादा करती हैं। इधर पार्किंग में विवाद के चलते हप्पू मिल्क यूनियन के चेयरपर्सन भैंसा कुमार को थप्पड़ मार देता है। बदला लेने के लिए भैंसा कुमार कानपुर में दूध की आपूर्ति रोक देता है। जब कटोरी अम्मा चाय माँगती रहती हैं, तब राजेश घबराने लगती है। अम्मा की इच्छा पूरी करने के लिए हप्पू दूध खरीदने, चोरी करने और स्मगलिंग करने की भी कोशिश करता है, लेकिन राजेश के लिए दूध नहीं ला पाता है। आखिरकार हप्पू अपना मन बदलकर भैंसा कुमार से माफी माँगने की सोचता है। हालाँकि, ट्विस्ट तब आता है, जब एक मंत्री हप्पू को ऐसा करने से मना करता है, क्योंकि भैंसा कुमार के साथ उसकी पुरानी दुश्मनी है। इस दुविधा के बावजूद हप्पू को राजेश के लिए दूध का इंतजाम करना होगा।''एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की आगामी कहानी के बारे में अंगूरी ने कहा, ''अंगूरी (शुभांगी अत्रे), विभूति (आसिफ शेख) को बताती है कि अम्माजी (सोमा राठौड़) उनके घर में रहेंगी।

# द यूपी फाइल्स, जानदार और असरदार है मनोज जोशी, मंजरी फडनीस स्टारर सिनेमा

बॉलीवुड में इन दिनों रियल स्टोरीज से प्रेरित सिनेमा का चलन जोरों पर है। 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई हिंदी फिल्म 'द यूपी फाइल्स' भी सच्ची घटनाओं से प्रेरित फ़ल्मि है जिसमें प्रमुख भूमिका मनोज जोशी ने निभाई है। साथ ही मंजरी फडनिस और मिलिंद गुणाजी सहित कई बेहतर कलाकारों से यह फ़ल्मि सजी हुई है। श्री ओस्टवाल फिल्म्स की फिल्म 'द यूपी फाइल्स' भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर बनी है और इस फिल्म में मनोज जोशी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। यह फिल्म उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर आदित्यनाथ के सामने आने वाली राजनीतिक मुश्किलों पर विस्तार से नज़र डालती है। मनोज जोशी ने इस किरदार में अपना सौ प्रतिशत दिया है। चाहे वह बॉडी लैंगुएज हो, डायलॉग डिलीवरी हो, चेहरे का हाव भाव हो सभी मे उन्होंने प्रभावित किया है। वह यूपी को बदलने के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हैं और राज्य से भ्रष्टाचार, गुंडाराज खत्म करने का संकल्प लेते हैं। उनके अभिनय में एक संतुलन दिखाई देता है। इस सिनेमा में सीएम योगी आदित्यनाथ से इंस्पायर्ड मनोज जोशी के चरित्र का नाम अभय सिंह दिखाया गया है। लेकिन 'यूपी फाइल्स' को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बायोपिक भी नहीं कही जा सकती है। इस रियलिस्टिक फ़ल्मि में एक भ्रष्ट डीजीपी का रोल शाहबाज खान ने निभाया है वहीं मंजरी फडनीस ने एक ईमानदार और कठोर पुलिस वाली की चुनौती भरी भूमिका को बखुबी जिया है। जब वह यह संवाद अदा करती हैं कि सुजाता मेनन नाम है मेरा, मैं पहले एक्शन लेती हूं।₹ तो उनके बोलने का अंदाज़ और इंटेंसिटी दमदार डायलॉग में झलकती है।

# रोहित शेट्टी के साथ लिपिका वर्मा की खास मुलाकात

ब्लॉकबस्टर फिल्म निर्देशक, पुरस्कार विजेता होस्ट रोहित शेट्टी, जिनका नाम ₹खतरों के खिलाड़ी₹ का दूसरा नाम है, वे फिर से KKK के 14वें संस्करण को होस्ट करते नजर आएंगे. इस बार का इसका थीम है 'डर की नई कहानियां इन रोमानिया'. रोहित पहली बार रोमानिया में अपने फोबिया फाइटर्स की टुकड़ी ले जाकर छुट्टियों की स्क्रिप्ट फिर से लिखने के लिए तैयार है. अपने शानदार अनुभव के साथ वे डेयरडेविल्स को सलाह देते हुए नजर आएँगे. KKK का प्रीमियर 27 जुलाई को होगा.

**आपका नाम खतरों के खिलाड़ी यानी KKK का पर्याय बन गया है. क्या आपके बिना यह शो अधूरा होगा?**

मैं अपने दर्शकों का आभारी हूं. मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि उन्होंने मुझे इस बड़े शो के होस्ट के रूप में प्यार दिया.

**KKK के सक्सेस मंत्र पर**

KKK होस्ट करने से पहले मैंने लगभग 5-6 साल तक ₹कॉमेडी शो₹ किया है. मैं 2008 से टीवी पर काम कर रहा हूं. KKK में लगातार काम करता आ रहा हूं. मैं केवल इतना कह सकता हूं कि मैं ईमानदारी से काम करने की कोशिश करता हूं. मुझे लगता है कि शो केवल इसलिए सफल रहा है क्योंकि दर्शक हमेशा आपको वास्तविक और स्वाभाविक देखना पसंद करते हैं. दर्शक सामने स्क्रीन पर आपको अपने जैसा महसूस करना चाहते हैं. मैं हमेशा वैसा ही रहने की कोशिश करता हूं जैसा मैं स्वाभाविक रूप से हूं. हालांकि इतने साल हो गए हैं कि अब मैं इन चीजों के बारे में सोचता भी नहीं हूं. यही स्वाभाविकता हमारे दर्शकों को पसंद आती है.

**प्रतियोगियों के साथ किए जाने वाले व्यवहार पर**

किसी भी प्रतियोगी के साथ कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होती हैं. लेकिन कई बार-आप उन पर चिल्लाते हैं और उनके प्रति अपना स्नेह भी दिखाते हैं. यहां कुछ भी पर्सनल नहीं होता है.

मैं प्रतियोगियों से ज्यादा पूरे शो को अपने कंधों पर मानता हूं. मैं शो की यात्रा को सफल होता देखना चाहता हूं. जब आप शो देखते हैं, तो आप सिर्फ प्रतियोगियों के प्रदर्शन को देखते हैं लेकिन यह एक टीम का प्रयास होता है. इस शो को सफल बनाने के लिए पर्दे के पीछे बहुत लोगों ने काम किया है. पूरी टीम ने इस शो को बेहतरीन बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है. इसलिए, मैं शो को संपूर्णता में देखता हूं.

**विभिन्न देशों में लोकेशन खोजने के बारे में**

विभिन्न देशों में शो करने वाली टीम के लिए यह आसान काम नहीं है. आपको अलग-अलग जगहों पर स्टंट करने की ज़रूरत होती है. सही लोकेशन ढूँढ़ना मुश्किल काम है. यात्रा करना और सेटिंग करना आसान नहीं है. यह एक मुश्किल शो है.

## मनमोहक आवाज़ों ने "उलझ" मुंबई इवेंट को और भी शानदार बना दिया

**मुंबई (अमरनाथ ):** बहुप्रतीक्षित थ्रिलर ड्रामा उलझ के ट्रेलर ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है, जिसे दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। चर्चा को और बढ़ाते हुए, फिल्म का धमाकेदार पार्टी सॉन्ग ₹शौकन₹, जिसमें जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की जोड़ी है, वायरल हो गया है, जो अपनी संक्रामक धुनों और मनमोहक केमिस्ट्री के साथ तुरंत हिट हो गया है।



जश्न को ध्यान में रखते हुए, टीम ने जान्हवी कपूर, रोशन मैथ्यू, निर्देशक सुधांशु सरिया, संगीतकार शाश्वत सचदेव, गायक जुबिन नौटियाल की मौजूदगी में एक स्टार-स्टडेड इवेंट का आयोजन किया। इवेंट में, जान्हवी ने शौकन का हुक स्टेप किया और फिल्म से अपने वायरल डायलॉग के बारे में बात की। इसके अलावा, निर्माताओं ने मीडिया को जुबिन नौटियाल के आने वाले गाने ₹थोड़ा गलत₹ को भी पहले से सुनने का मौका दिया। निर्माताओं ने मनमोहक ट्रैक 'आजा ओए' भी बजाया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन शाश्वत सचदेव द्वारा देशभक्ति गीत ₹मैं हूँ तेरा ऐ वतन₹ गाने के साथ हुआ। निर्देशक सुधांशु सरिया ने फिल्म

## साइबर अपराधियों से आगाह करती है फिल्म 'घुसपैठिया'

**अमरनाथ, मुंबई ।** साइबर अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। कई गिरोह एक साथ कई अज्ञात स्थानों से साइबर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। फोन टेपिंग भी इसका अहम हिस्सा बना हुआ है। अपने शिकार पर हाथ डालने वाले साइबर अपराधियों तक पहुंच पुलिस के लिए भी चुनौती बनी हुई है हालांकि पुलिस महकमा भी साइबर अपराधियों को अपनी गिरफ्त में लेने के लिए कई स्तर पर सक्रिय है। सुसी गणेशन द्वारा निर्देशित और विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला और अक्षय ओबेरॉय अभिनीत घुसपैठिया का ट्रेलर साइबर अपराध और फोन टैपिंग से जुड़े खतरों को रोचक तरीके से पर्दे पर पेश करता दिख रहा है। कम से कम इसके ट्रेलर से तो यही पता चलता है। घुसपैठिया में, गणेशन साइबर घुसपैठ और डेटा उल्लंघनों पर केंद्रित एक नाटकीय कथा के माध्यम से इन वास्तविक दुनिया के खतरों की कुशलता से पड़ताल करते हुए दर्शकों को सावधान करते हैं। इसकी भयावहता से वह रू-ब-रू कराते हैं। कहानी तकनीकि क्रांति के अंधेरे पक्ष में जाती है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे दुर्भावनापूर्ण अभिनेता व्यक्तिगत लाभ के लिए डिजिटल कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला और अक्षय ओबेरॉय के शानदार अभिनय के साथ, यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है.

## साल की सबसे बड़ी थ्रिलर आ गई है!

रीहैब पिक्चर्स की 'आलिया बसु गायब है' के लिए उत्सुकता इसके आकर्षक फ़र्स्ट लुक पोस्टर के रिलीज़ होने के बाद से ही लगातार बढ़ रही है। पोस्टर ने दर्शकों को सही दिशा दी और उन्हें इस रोमांचक थ्रिलर के बारे में और जानने के लिए उत्सुक कर दिया। अब, रीहैब पिक्चर्स आधिकारिक ट्रेलर के अनावरण के साथ दर्शकों को और रोमांचित करने के लिए तैयार है, जिसमें विनय पाठक, राइमा सेन और सलीम दीवान जैसे दमदार कलाकार शामिल हैं।



प्रीति सिंह द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म ट्रेलर से ही रोमांचकारी सवारी का वादा करती है और इसमें एक वास्तविक व्यावसायिक पॉटबॉयलर के सभी तत्व मौजूद हैं। ट्रेलर को इस तरह से तैयार किया गया है, जो दर्शकों को रहस्य से भरपूर रोमांचकारी ड्रामा की एक झलक देता है और साथ ही फ़िल्म के मुख्य किरदारों से भी परिचय कराता है। निर्माता डॉ. सत्तार दीवान ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, ₹फिल्म बनाने के पीछे का उद्देश्य भारतीय सिनेमा में थ्रिलर संस्कृति को वापस लाना है।


## अपनी पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: राधिका मदान पहले से कहीं ज़्यादा चमकी

राधिका मदान ने सुधा कोंगरा की 'सरफिरा' में निस्संदेह शो को चुरा लिया है। सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए, उन्होंने न केवल अपनी जगह बनाई है, बल्कि फिल्म की भावनात्मक और उत्साही कोर के रूप में उभरी हैं। बॉलीवुड की स्टीरियोटिपिकल हीरोइन के दिन अब चले गए हैं। रानी के रूप में राधिका, ताज़ी हवा की सांस हैं। वह साड़ी और नथनी के साथ एक पारंपरिक महाराष्ट्रीयन महिला की भूमिका में सहजता से ढल जाती हैं, फिर भी उनका स्वभाव शांत नहीं है। उनका चित्रण मुख्यधारा के सिनेमा में महिलाओं के ग्लैमरस, अक्सर अवास्तविक चित्रण से एक ताज़ा बदलाव है। राधिका को जो बात अलग बनाती है, वह है एक प्यारी पत्नी की गर्मजोशी और स्नेह को एक आधुनिक महिला के दृढ़ संकल्प और महत्वाकांक्षा के साथ संतुलित करने की उनकी क्षमता। वह न केवल वीर के लिए एक सहायक स्तंभ है, बल्कि एक ऐसी महिला भी हैं, जिसके अपने सपने हैं। उनके वे दृश्य, जिनमें वे अपने पति के सामने व्यवसाय योजना को दृढ़तापूर्वक प्रस्तुत करती हैं, उनके चरित्र की शक्ति और स्वतंत्रता का प्रमाण हैं।



## ज़हरा एस खान ने 'रोम बिम बॉम' के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया

सनसनीखेज गायिका और अभिनेत्री ज़हरा एस खान ने अपने बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू को नए ट्रैक ₹रोम बिम बॉम₹ के साथ किया है। यह गाना, वैश्विक संगीत सनसनी एडवर्ड माया और गतिशील जोड़ी रॉम्बी और बॉम्बी के साथ मिलकर बनाया गया है, जो अपनी अनूठी धुनों और आकर्षक धुनों के साथ दुनिया भर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। रोम बिम बॉम ज़हरा के करियर में एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है क्योंकि वह वैश्विक संगीत मंच पर कदम रख रही है। यह गाना एडवर्ड माया की सिग्नेचर प्रोडक्शन शैली को ज़हरा के भावपूर्ण स्वर और रॉम्बी और बॉम्बी के अनूठे आकर्षण के साथ सहजता से मिश्रित करता है, जो वास्तव में अविस्मरणीय ध्वनि अनुभव बनाता है। अपने पिछले सहयोग, लव स्टीरियो अगेन की भारी सफलता के बाद, जिसे यूट्यूब पर 600 मिलियन से अधिक बार देखा गया, ज़हरा और एडवर्ड इस नई संगीत यात्रा पर निकलने के लिए उत्साहित हैं। ज़हरा एस खान कहते हैं, मैं इस अद्भुत सहयोग का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूँ।



## छह बाहरी सितारों ने अपनी प्रतिभा से बॉलीवुड में एक नई पहचान बनायी है

सितारों से भरी मनोरंजन इंडस्ट्री में, कई होनहार प्रतिभाओं ने बिना किसी अंदरूनी समर्थन के अपनी पहचान बनाई है। यहां छह लोकप्रिय बाहरी लोगों पर एक नज़र डाली गई है जो लगातार अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित करते हैं: कार्तिक आर्यन, सबसे पसंदीदा सितारों में से एक, ग्वालियर से हिंदी सिनेमा तक के एक बाहरी व्यक्ति की यात्रा का उदाहरण है। उन्होंने एक बड़ा प्रशंसक आधार बनाया है और एक अभिनेता के रूप में अपनी योग्यता साबित की है, हिट प्रदर्शन दिए हैं और उद्योग में अपने लिए एक अनूठी जगह बनाई है।प्रतिभाशाली अभिनेत्री राधिका मदान दिल्ली से हैं और उन्होंने टेलीविजन से अपना करियर शुरू किया। छोटे पर्दे पर दर्शकों को प्रभावित करने के बाद, उन्होंने 2018 में पटाखा के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। प्रत्येक फिल्म के साथ, उन्होंने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। हाल ही में, उन्हें सरफिरा में रानी नामक एक महाराष्ट्रीयन महिला की भूमिका के लिए प्रशंसा मिली।



## यह करना एक सपने के सच होने जैसा है:नेहा करोडे

नेहा करोडे ने हाल ही में कुमार सानू के साथ मिलकर शाहरुख खान के आइकोनिक गाने 'तुझे देखा तो' को फिर से बनाया। ये गाना 90 के दशक का सुपरहिट था और अब इसे जेन झी के हिसाब से अपडेट किया गया है। नेहा के लिए ये एक सपने के सच होने जैसा था। नेहा ने बताया कि कुमार सानू जी के साथ काम करना उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। जब नेहा को पता चला कि वो कुमार सानू सर के साथ काम करने वाली हैं, तो वो अपनी खुशी रोक नहीं पाई। उन्होंने कहा, ₹कुमार सानू सर एक बेहतरीन एनर्जी लेकर आते हैं। उनकी उपस्थिति न केवल प्रभावशाली है बल्कि बहुत ही पॉजिटिव भी है, जिससे क्रिएटिविटी को पंख मिलते हैं। नेहा ने सानू जी के बारे में बताया कि वो कितने समय के पाबंद और दयालु हैं। उनकी महानता के बावजूद वो बहुत ही डाउन टू अर्थ और आसानी से मिलने-जुलने वाले इंसान हैं। नेहा ने बताया, ₹वो हमेशा समय पर आते हैं, दयालु हैं और हमेशा प्रेरित करते हैं। ये सब बातें सानू जी को इंडस्ट्री में एक सम्मानित व्यक्तित्व बनाती हैं।



## 'वागले की दुनिया' में अथर्व की आलोचना के कारण राजेश होगा बेपरवाह फैसले लेने पर मजबूर

सोनी सब के 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से' में वागले परिवार की रोज़मर्रा की समस्याओं और उनसे जीतने की अदम्य भावना को दिखाया गया है। हाल के एपिसोड्स में, अथर्व (शीहान कपाही) अपने पिता राजेश वागले (सुमीत राघवन) को ताना मारता है कि ज़िंदगी की रेस में खरगोश के बजाए कछुआ बनकर रहते हैं। अथर्व अपने पिता की आलोचना करता है कि वे ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं हैं और हमेशा अपनी मध्यम-वर्गीय स्थिति को सही ठहराते हैं। आने वाले एपिसोड्स में, राजेश कछुए और खरगोश की तुलना से दुःखी हो जाता है और अपने बेटे के लगातार तानों से परेशान होकर, अनावश्यक जोखिम उठाना शुरू कर देता है। लापरवाही से गाड़ी चलाकर ट्रैफिक नियम तोड़ने के लिए पुलिस स्टेशन पहुँचने से लेकर वंदना के गहने गिरवी रखकर शेयर मार्केट में निवेश करने तक, राजेश समझदारी की सारी हदें पार कर जाता है। वह लॉटरी टिकट भी खरीदना शुरू करके और ज्यादा पैसे खो देता है। यह साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित कि वह जीवन में उपलब्धियाँ हासिल कर सकता है.



## बॉलीवुड एक्टर जयदीप अहलावत हैं दरोगा हप्पू सिंह के फैन

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के रूप में मशहूर योगेश त्रिपाठी कॉमेडी के अपने अनूठे अंदाज से हमें हँसाते रहे हैं। हप्पू को टेलीविजन पर तनाव को भगाने वाले एक सबसे पसंदीदा किरदार के रूप में जाना जाता है और उनकी कॉमिक टाइमिंग और आकर्षण ने ढेरों प्रशंसकों का दिल जीता है। लेकिन जब आपका पसंदीदा कलाकार आपके अभिनय की तारीफ करे, तो यह आपके सफर में एक खास जीत बन जाती है। योगेश के जीवन में भी एक ऐसा पल आया, जब बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता जयदीप अहलावत ने उनके काम की तारीफ की। उस यादगार मुलाकात के बारे में बताते हुए योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''मैं जयदीप अहलावत जी का बहुत बड़ा फैन हूँ और मैंने उनके सारे शोज देखे हैं। और उनके कई शोज तो ऐसे हैं, जिन्हें मैं बार-बार देखता हूँ। बहुत कम कलाकार ऐसे हैं, जो अपनी गंभीर भूमिकाओं से दर्शकों का मनोरंजन कर सकते हैं और वे उनमें से एक हैं। एक बार मैंने इंस्टाग्राम वीडियो



## 'भीमा' में अमित भारद्वाज निभाएंगे मेवा का किरदार

एण्डटीवी के आगामी शो 'भीमा' के दो दिलचस्प प्रोमोज लॉन्च होने के बाद से ही इसे बड़ी तारीफ मिल रही है। अमित भारद्वाज जिन्हें बेहतरीन एक्टिंग और स्क्रीन पर अपनी दमदार मौजूदगी के लिये जाना जाता है, वह भी काफी तारीफें बटोर रहे हैं। 'भीमा' का सफर दिलचस्प और जज्बाती होगा, खासकर इसलिये, क्योंकि अमित भारद्वाज भीमा के पिता मेवा की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। एण्डटीवी के इस सोशल ड्रामा में भीमा के पिता मेवा का किरदार निभाने से उत्साहित अमित भारद्वाज ने कहा, ''मैं भीमा के कलाकारों में शामिल होकर और 'भीमा' के पिता मेवा की भूमिका निभाने के लिए बहुत उत्साहित हूँ। सार्थक और मनोरंजक शोज में काम करना हमेशा एक एक्टर की इच्छा होती है और मैं इसका हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। मेवा का किरदार मुझे अपनी एक्टिंग की यात्रा में नये आयाम खोजने का बेहतरीन मौका दे रहा है। इससे टेलीविजन के दर्शकों के साथ मेरा जुड़ाव भी मजबूत होगा।'' मेवा के किरदार के बारे में बताते हुए अमित ने कहा, ''मेवा एक बेहद विनम्र और मासूम इंसान है, जो दूसरों के प्रति संवेदना रखता है।



## 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में, पुष्पा ने अपने माँ संबंधी दायित्वों से इस्तीफा दे दिया

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' हमें मजबूत इरादों और दृढ़ संकल्प वाली महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी से रूबरू कराता है, जो अटूट सकारात्मकता के साथ अपने जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करती है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि कैसे प्रार्थना (इंद्राक्षी कांजीलाल) के गर्भपात के कारण उसके और दीप्ति (गरिमा परिहार) के बीच तनाव बढ़ जाता है, जिससे उनमें गलतफहमी पैदा होती है और बहस हो जाती है। प्रार्थना और दीप्ति के बीच बढ़ते तनाव के कारण, पुष्पा का घर किसी जंग के मैदान की तरह लगने लगता है, जिससे छोटी-छोटी बातों पर नियमित रूप से झगड़े होने लगते हैं और परिवार में तनाव बढ़ जाता है। बाथरूम के इस्तेमाल से लेकर क्या खाना बनेगा इसका निर्णय लेने तक, हर बात पर बहस होने लगती है, और परिवार सभी मुद्दों पर असहमत होने लगता है। हर कोई पुष्पा को उनके रहने की स्थिति और उन्हें चॉल से बाहर न जाने देने के लिए दोषी ठहराता है। इसी बात से निराश होकर, पुष्पा माँ बनने के दायित्व से इस्तीफा देने का निर्णय लेती है, और इस फैसले के साथ एक बड़ा कदम उठाती है। उसके माँ संबंधी कर्तव्यों से हटने से घर में समस्याएँ और भी बढ़ने वाली हैं। पुष्पा के इस्तीफे के बाद किसी को भी घर की जिम्मेदारी न लेते देख, प्रार्थना घर की जिम्मेदारी संभालने का फैसला करती है।

## कलाकारों ने बताया सावन सोमवार के व्रत रखने का महत्व

सावन की शुरूआत हो चुकी है। इसे श्रावण मास भी कहा जाता है। इसमें भक्त भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद पाने के लिए उपवास रखते हैं। एण्डटीवी के कलाकार इस पवित्र महीने के महत्व पर चर्चा कर रहे हैं और सावन सोमवार के दौरान उपवास रखने का कारण भी बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''सावन के पूरे महीने में उपवास रखना बहुत शुभ माना जाता है। इस पूरे महीने उपवास रखने वाले भक्तगण सुबह जल्दी उठकर भगवान शिव के मंदिर जाते हैं और पंचामृत चढ़ाते हैं (यह दूध, घी, दही, गंगाजल और शहद का मिश्रण होता है)। इसके साथ ही बेलपत्र भी चढ़ाए जाते हैं। यह रीति श्रावण के पूरे महीने में चलती है। इस दौरान उपवास रखने वाले लोग दूध और डेयरी उत्पाद, फल तथा अन्य उपवास वाली चीजें खा सकते हैं। भगवान शिव की पूजा करने के अलावा भक्त देवी पार्वती की भी भक्ति करते हैं और अपने जीवन में शांति, समृद्धि तथा सफलता माँगते हैं। ऐसा माना जाता है कि श्रावण के महीने में सोमवार को उपवास रखने से दैवीय

# गौरव का किरदार ज़िंदगी की चुनौतियों को खुद पर हावी नहीं होने देता है

मुंबई, 25 जुलाई 2024: सोनी सब का 'बादल पे पांव हैं' अमनदीप सिद्धू अभिनीत किरदार बानी की कहानी बताता है। बानी एक बेहद महत्वाकांक्षी मध्यम वर्ग की लड़की है, जो अपने और अपने परिवार की ज़िंदगी को बेहतर बनाने का सपना देखती है। आसमान छूती उम्मीदों के साथ, बानी रजत (आकाश आहूजा) से शादी करती है, लेकिन जब उसे एहसास होता है कि उसके विपरीत, रजत और उसका परिवार अपनी मौजूदा वित्तीय स्थिति से ही संतुष्ट है, तो उसके सपने टूट जाते हैं।

रजत के परिवार में गौरव है, जो परिवार का बड़ा बेटा और रजत का भाई है। गौरव का किरदार लोकेश बत्ता निभा रहे हैं। एक स्पष्ट बातचीत में, लोकेश ने अपने किरदार गौरव के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि किस चीज ने उन्हें इस भूमिका के लिए आ र्कित किया, इस बहुमुखी व्यक्ति को प्र र्शित करने में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, और रवि और सरगुन के प्रोडक्शन हाउस के साथ दूसरी बार काम करने का उनका अनुभव कैसा है।

**क्या आप हमें 'बादल पे पांव हैं' में अपने किरदार गौरव खन्ना के बारे में बता सकते हैं और किस चीज ने आपको यह भूमिका करने के लिए प्रेरित किया?**

गौरव के किरदार में ह्यूमर और संवेदनशीलता दोनों का अनूठा मिश्रण है, जो मुझे काफी पसंद आया। यह किरदार ज़िंदगी की चुनौतियों को खुद पर हावी नहीं होने देता है, फिर भी इसमें गहरे भावनात्मक पहलू हैं। इस द्वंद्व से मुझे एक बहुमुखी व्यक्ति को एक्सप्लोर और निभाने का अद्भुत अवसर मिला है। ऐसे सर्वांगीण किरदार मिलना दुर्लभ है, और गौरव को जीवंत करना रोमांचक और समृद्ध अनुभव था।

**शो में, बानी महत्वाकांक्षी है और अपने व अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन चाहती है, लेकिन उसे 'स्वार्थी' करार कर दिया जाता है। शो के इस आधार पर आपकी क्या राय है?**



बादल पे पांव हैं की कहानी ऐसी युवती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो काफी महत्वाकांक्षी है और अपने सपनों को पूरा करने के प्रति दृढ़ संकल्पित है। मेरा मानना है कि ऐसी कहानियाँ अविश्वसनीय रूप से दमदार और प्रेरणादायक हो सकती हैं, खासकर युवतियों के लिए। बानी स्वार्थी नहीं है; वह महान उपलब्धियाँ हासिल करना चाहती है, फिर चाहे इसके लिए उसे कितनी ही मुश्किलों का सामना क्यों न करना पड़े। यह कहानी दर्शकों को ज़िंदगी द्वारा तय की गई सीमाओं को चुनौती देने और महिलाओं की आलोचना करने के बजाए उनकी महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**क्या आपको गौरव खन्ना का किरदार निभाने में किसी चुनौती का सामना करना पड़ा, इस भूमिका के लिए आपने कैसे तैयारी की?**

शुरुआती चुनौतियों में से एक गौरव की गहराई और जटिलता को पूरी तरह से समझना था। उसकी महत्वाकांक्षा और अवधारणा को प्रामाणिक रूप से निभाने के लिए, मुझे उसकी बैकस्टोरी, प्रेरणा और भावनात्मक संघर्षों में गहराई से उतरना पड़ा। मैंने अन्य किरदार के साथ उसके संबंधों का विश्लेषण करने में बहुत समय बिताया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके काम और प्रतिक्रियाएँ वास्तविक लगें। किरदार को इस गहराई से समझना गौरव के व्यक्तित्व की बारीकियों को सामने लाने और उसे दर्शकों के लिए प्रासंगिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण था।

**रवि और सरगुन के प्रोडक्शन हाउस के साथ यह आपका दूसरा शो है। बादल पे पांव हैं की शूटिंग का अब तक का अनुभव कैसा रहा है?**

सच कहूँ, तो रवि और सरगुन लाजवाब निर्माता हैं। उनके साथ काम करना वाकई काफी सौभाग्य की बात है। वे दोनों रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, और उन्होंने हमेशा मेरे काम की सराहना की है, अक्सर सीधे आकर मुझे बताया है, जो अविश्वसनीय रूप से प्रोत्साहित करने वाली बात है। उनके सहयोगी माहौल से अपना सर्वोत्तम परफॉर्मेंस देना आसान हो जाता है, और उनकी प्रतिक्रिया, जैसे "भाई वो सीन तो बहुत अच्छा किया तूने", से व्यक्तिगत स्पर्श जुड़ जाता है, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ जाता है।

## 'भीमा' में स्मिता साबले निभाएंगी धनिया की भूमिका!

एण्डटीवी के आगामी शो 'भीमा' की घोषणा होने के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो के दो प्रोमोज के लॉन्च होने से दर्शकों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। शो के हर किरदार को तारीफ मिल रही है और भीमा की माँ धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता साबले ने हर किसी का ध्यान खींचा है। ऑडिशन की एक लंबी प्रक्रिया के बाद इस सोशल ड्रामा में स्मिता साबले को धनिया की महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। वह कहती हैं, ''भीमा' में धनिया का किरदार करना मेरे लिये सम्मान की बात है। जब मैंने पहली बार इसकी स्क्रिप्ट पढ़ी थी, तभी धनिया के किरदार ने मेरा मन मोह लिया था। अपनी बेटी भीमा के लिये उसका असीम प्यार मेरे दिल की गहराई में उतर गया। यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है और उसके साथ मैं एक गहरा जुड़ाव महसूस करती हूँ।'' अपने किरदार के बारे में समझाते हुए स्मिता ने कहा, ''धनिया 35 साल की एक मजदूर है। वह एक फिक्रमंद एवं सपोर्टिव मां है। वह अपने परिवार की भलाई को सबसे ज्यादा महत्व देती है। सामाजिक चुनौतियों के बावजूद अपनी बेटी भीमा की शिक्षा के लिये उसकी हिमायत उसके परवरिश के उत्साह का सबूत है। उन्हें कई मुश्किलों सामना करना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद धनिया की हिम्मत नहीं टूटती और वह अपने संकल्प पर अडिग रहती है।'' स्मिता ने शो की शूटिंग शुरू कर दी है और अपना अनुभव बताते हुए, वह कहती हैं, ''पूरी टीम ऐसा शो बनाने के लिये स र्मित है, जो न केवल मनोरंजक हो, बल्कि सार्थक और असरदार भी हो। प्रोडक्शन के हर पहलू में हर बारीकी का पूरा ध्यान रखा गया है। राइटिंग से लेकर सेट के डिजाइन तक यह बेहतरीन तरीके से हुआ है।

## कमिश्नर डोमन सिंह ने नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# लोगों को बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं से करें लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 28 जुलाई।** नियद नेल्लानार योजना में शामिल बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले के गांवों में लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार सभी बुनियादी सुविधाएं एवं कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। योजना क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शिक्षा, खाद्यान्न, पोषण आहार, पेयजल सहित वहां के किसानों को किसान सम्मान निधि और खाद-बीज समय पर उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश कमिश्नर डोमनसिंह ने नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने अधिकारियों को नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांवों में आयुष्मान कार्ड पंजीयन कैम्प एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना क्षेत्र के सभी गांवों के लोगों को राशनकार्ड उपलब्ध कराने एवं प्रत्येक राशनकार्ड धारक को खाद्यान्न सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से सभी ग्रामों में विद्युतीकरण सहित स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायतों और स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य रूप से बिजली की सुविधा हो यह सुनिश्चित की जाए। वहीं वनाधिकार पट्टा के हितग्राहियों को सभी जरूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाए। ग्रामीण युवाओं को सभी रोजगारपरक ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाए। क्षेत्र में स्वीकृत सभी शाला भवनों का निर्माण हो इसकी लगातार मॉनिटरिंग हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां के गांवों के बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं हो। इसी तरह से लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन, दिव्यांगों को सहायक यंत्र प्रदान किए जाए। योजना के अंतर्गत सभी गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित कर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

उन्होंने नियद नेल्लानार योजना हेतु निर्मित डेसबोर्ड के आंकड़ों की निरंतर समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों के नोडल अधिकारियों से कहा। साथ ही नोडल अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं की प्रगति की निगरानी डेसबोर्ड के माध्यम से नियमित तौर पर करने के भी निर्देश दिए।

## एक नजर

### विशेषज्ञों ने किसानों को दी जैविक खेती जल संरक्षण व संवर्धन की जानकारी

**दंतेवाड़ा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के तत्वाधान में परम्परागत कृषि विकास योजना वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गीदम ब्लॉक के स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने और जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में चारों विकासखंड के 1 हजार से ज्यादा किसानों ने भाग लिया। उक्त कार्यशाला में भारत के जाने-माने जैविक खेती विशेषज्ञ महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से आये सुभाष शर्मा के द्वारा जैविक खेती करने वाले किसानों को खेती के लाभ, भूमि की उर्वरक क्षमता में वृद्धि, उससे संबंधित प्रचलित धारणाओं, उनका समाधान, जल संरक्षण के तहत किये जाने वाले सामुदायिक प्रयास, के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। तत्पश्चात ''नाम फाउंडेशन पुणे'' के प्रतिनिधि गणेश थोरात ने भी किसानों को अपनी खेती में जल और मिट्टी के संरक्षण, और जैविक विधि से फसल उत्पादकता में वृद्धि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा मिलेट फसलों जैसे कोदो-कुटकी एवं रागी फसल उत्पादन के संबंध में लघु धान्य विशेषज्ञ जैकप के द्वारा किसानों से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

### लैण्ड रिकार्ड के डिजिटलाइजेशन के लिए की जा रही है पहल

**दंतेवाड़ा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में भूमि रिकार्ड के आधुनिकीकरण, व्यापकता और एक पारदर्शी भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली विकसित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल किया गया है जिसमें 1950 के दशक से वर्तमान तक के राजस्व रिकार्डस जिसमें बी-1, खसरा, नामांतरण पंजी, मिसल, अधिकार अभिलेख, राजस्व प्रकरण नजूल प्रकरण व्यपवर्तन प्रकरण इत्यादि को स्कैनिंग करने का कार्य कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में भू-अभिलेख शाखा द्वारा संपादित किया जा रहा है। इससे जिले की राजस्व भूमि के बारे में वास्तविक समय की जानकारी में सुधार, भूमि संसाधनो के अधिकतम उपयोग, भूमि स्वामियों को लाभ, भूमि से संबंधित नीति एवं योजना बनाने मे सहायक, धोखाधड़ी बेनामी लेनदेन की जांच करना, फर्जी जाति प्रकरण का त्वरित निराकरण। जाति, निवास, आय एवं भूमि क्रय-विक्रय में लगने वाले समय मे कमी, राजस्व, पंजीकरण कार्यालय में भौतिक आवश्यकता को समाप्त करने, तहसील स्तर पर हितग्राहियों को तुरंत भूमि संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने, विभिन्न संगठन, एजेंसी के साथ जानकारी साझा कर भूमि संबंधित योजनाओं में विविधता, आकस्मिक स्थितियों में राजस्व रिकार्डस को डिजिटल रूप में सुरक्षित रहने तथा वर्तमान व्यवस्था के पश्चात भूमि संबंधित दस्तावेज प्राप्त करना बेहद ही आसान होगा।

### 9 अगस्त तक संशोधित निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय ओर से वर्ष 2024-25 के निविदा खुलने की तिथि से एक वर्ष के लिये सुरक्षा सेवाएँ कार्य हेतु इच्छुक सुरक्षा एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 9 अगस्त, निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 9 अगस्त, निविदा फार्म खोलने की तिथि 12 अगस्त दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। इस संबंध में पृथक-पृथक का निविदा प्रपत्र जिला चिकित्सालय से आवेदन सहित 500 (पाँच सौ रूपये) डी.डी. जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के नाम से जमा कर निविदा सूचना जिले के वेबसाइड dantewada.nic.in में भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म कार्यालयीन अवधि में 30 जुलाई से 9 अगस्त तक प्राप्त किया जा सकता है।

# आफत की बारिश : पानी घुसने से दो घरों की दीवार गिर गई, नदी-नाले उफान पर





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** दक्षिण बस्तर दंतेवाडा जिले में बीते पखवाड़े भर से हो रही बारिश के चलते जहां नदी नदी नाले पूरे उफान पर हैं तो वहीं लगातार हो रही बारिश के चलते अब निचले बस्तियों के घरों में पानी घुसने की समस्या से भी लोगों को जुझना पड़ रहा है। बारिश का पानी घुसने से शनिवार को दो घरों का दीवार ढह गया। गनिमत रहा कि इस हादसे में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। सूचना राजस्व विभाग को दी गई है। प्रशासन ने बाढ़ राहत कोष से पीड़ितों को क्षतिपूर्ति राहत राशि देने का आश्वासन दिया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में इस वर्ष बारिश सितम ढा रहा है। प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। वहीं दंतेवाड़ा जिले की बात करें तो यहां भी बीते दस दिनों से हो रही अनवरत बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारी बारिश से डंकनी एवं शंखनी नदी का जलस्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते पानी का जमाव होने से अब पानी घरों में घुसने लगा है। ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्रमांक 3 राजीव नगर में देखने को मिला है। कतियाररास जेल बाड़ी चौक के पास संतोष कश्यप नाम के एक व्यक्ति के मकान की दीवार बारिश के चलते ढह गया तो वहीं कमल कुमार भगत नाम के एक दिहाड़ी मजदूरी करने वाला व्यक्ति के कच्चे मकान का दीवार भी बारिश के चपेट में आकर गिर गया। पीड़ित संतोष कश्यप ने बताया कि बीते 10 दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते उसके घर के सामने वाली जगह पर काफी ज्यादा पानी भर गया। निकासी का रास्ता नहीं होने से पानी घर में घुसने लगा और कुछ कर पाते इससे पहले ही घर के एक कमरे का दीवार भरभराकर जमींदोज हो गया। घर के दुसरे कमरे की दीवारों में भी दरारें पड़नी शुरू हो गई है। दीवार ढहने से सामान का नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन मकान क्षतिग्रस्त होने से रोज कमाने खाने वाला संतोष के सामने घर के मरम्मत का खर्च का बोझ बढ़ गया। दो मकानों की दीवार ढहने की जानकारी वार्ड पार्षद एन.नागराजू द्वारा हल्के के पटवारी को दी गई है। पटवारी तारम ने कहा कि शासन से बाढ़ आपदा राहत कोष के तहत क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजा राशि देने का प्रावधान निहित है। रविवार को मौका मुआएना कर रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजा जाएगा जिसके तुरंत बाद ही मुआवजा राशि पीडितों के खाते में डाल दी जाएगी।

# विधानसभा से लौटते ही विधायक अटामी किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** विधायक चैतराम अटामी शनिवार को विधानसभा सत्र के बाद वापस दंतेवाड़ा लौटते ही किरंदुल पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों से जाकर मिले।, लगातार मूसलाधार बारिश के बीच विधायक चैतराम अटामी बाढ़ से प्रभावित वार्ड क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 03 और वार्ड क्रमांक 06 पहुंचे और पीड़ित लोगो से घर घर जा कर जायजा लिया। विधायक चैतराम अटामी के पहल पर एन एम डी सी किरंदुल परियोजना द्वारा राहत सामग्री कपडे, गद्दे और भोजन की व्यवस्था की जा रही है साथ ही अंतरिम सहायता राशि के तौर पर पत्येक परिवार को 20000 रु सहायता राशि भी दी जा रही है, अभी तक 200 परिवारों को अंतरिम सहायता राशि दी जा चुकी है साथ ही पीड़ितो की मदद हेतु लगातार राहत कार्य जारी है। चैतराम ने कहा कि किसी भी पीड़ित परिवार को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार आपके हर दुख समस्या में साथ खड़ी है। सभी पीड़ित जनों को समुचित राहत हम देंगे। एन एम डी सी से भी हर संभव सहायता मिल रहा है। हमने अधिकारियों से भी कहा है प्रभावितों को हर संभव मदद की जाए।

## चोरों ने सूने मकान में बोला धावा

# ताला तोड़ ले उड़े होम-थियेटर

### मोहल्ले में लाइट गुल थी, चोरों ने उठाया फायदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 28 जुलाई।** बीते गुरूवार की रात चोरों ने नगर के वार्ड क्रमांक 2 के एक सूने मकान में अंधेरे का फायदा उठाकर धावा बोल दिया। मकान का ताला तोड़ अंदर रखे सामान में हाथ साफ कर फरार हो गए। चोरी की रिपोर्ट शुक्रवार सुबह सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। अब तक चोरों का कोई सूराग नहीं मिल पाया है। जिस घर में चोरी हुई है उसके मालिक ने बताया कि यह दुसरी बार है जब घर में चोरी हुई है।

गौरतलब है कि नगर में चोरी की घटनाओं में लगातार बढोत्तरी देखी जा रही है। चोरी की ताजा वारदात दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 कतियाररास में हुआ है। पीड़ित गोपाल राम कन्नौजे ने बताया कि वह जेल विभाग में वाहन चालक के पद पर पदस्थ है। डेगलरास रोड, पुराना नर्गिग कॉलेज के पीछे की तरफ ही उनका शीट का मकान है। 25 जुलाई दिन गुरूवार की रात मोहल्ले में लाईट कई घंटों तक गुल थी। घर पर उस समय कोई नहीं था। इसी का फायदा उठाते अज्ञात चोर उनके बंद घर का ताला तोड़ अंदर घुस आए और घर पर रखा होम थियेटर एवं स्टडी टेबल चोरी कर ले उड़े। घर पर ज्यादा सामान नहीं था इसलिए कोई ज्यादा आर्थिक क्षति तो नहीं हुई लेकिन चोरी की घटना दुसरी बार होने से चिंता बढ़ गई है। बता दें कि कतियाररास जेल बाडी चौक में प्रशासन ने सीसी कैमरा भी लगा रखा है ताकि किसी भी गतिविधि पर नजर रखी जा सके। बावजूद चोरी की घटना में कोई कमी नहीं आ रही और चोर भी पकड़ में नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर लाखों रूपए खर्च कर सीसी कैमरा लगाने का आम जनता को क्या फायदा जब चोरी नहीं रूक नहीं ना ही चोर बदमाश पकड़ में आ रहे हैं।

## रामकृष्ण मिशन के मैदान में जूनियर नेशनल का हुआ आगाज

# ओडिशा ने उत्तर प्रदेश को 2-1 से हराकर दर्ज की पहली जीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता








**नारायणपुर, 28 जुलाई।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के फुटबॉल मैदान में डॉ बी सी रॉय ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ दिनांक 27 जुलाई 2024 दिन शनिवार को अपरान्ह 3 बजे उत्तर प्रदेश और ओडिशा के बीच पहले मैच से हुआ। जिसमें ओडिशा ने उत्तर प्रदेश को 2-1 से हराकर अपना पहला जीत दर्ज किया। उक्त मैच का लगभग दो हजार दर्शकों ने आनंद उठाया। बरसात के बीच भी मैच सम्पन्न होने में असुविधा नही हुआ।

आपको बता दें कि डॉ बी सी रॉय ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 का टायर-1 छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित किया गया है और टायर-2 असम में आयोजित किया गया है।

नारायणपुर में कुल 15 टीमें भाग ले रहे हैं जिसमें प्रथम चरण में 7 टीमें - उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मिजोरम, मेघालय, कर्नाटक, पंजाब, और चंडीगढ़ का प्रतियोगिता 27 जुलाई से शुरू हो गया है। इन सभी टीम का लीग मैच 27 जुलाई से 1 अगस्त तक कुल 9 मैच खेलेंगे। इसमें से दो टीम 3 अगस्त को सेमीफाइनल खेलेंगे। दूसरे चरण के जो 8 टीमें है 3 अगस्त से 12 लीग मैच खेलेंगे जिसमें - झारखंड, दिल्ली, गोवा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और छत्तीसगढ़ राज्य टीम शामिल हैं। द्वितीय चरण के सेमीफाइनल 10 अगस्त को खेला जाएगा और फाइनल मुकाबला 12 अगस्त को होगी। इसके पहले 26 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को प्रथम चरण के 7 टीमों का स्वागत कार्यक्रम रामकृष्ण मिशन के इंडोर स्टेडियम में रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नारायणपुर जिले के अपर कलेक्टर को वीरेन्द्र बहादुर पंच भाई जी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के सहायक महासचिव एवं अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के कार्यकारी सदस्य मोहन लाल जी, फुटबॉल मैच सम्पन्न करने आये हुए मैच कमिश्नर दीपक शर्मा जी, एंड्रू शेखर थे। इसके अलावा कार्यक्रम में 16 रेफरी गण उपस्थित थे, आश्रम के अध्ययनरत 1200 विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकायें एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त 33 आवेदनों का किया गया निराकरण



**सुकमा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के तहत सुकमा नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत दोरनापाल और नगर पंचायत कोंटा क्षेत्र में आगामी 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक वार्डों में शिविर आयोजित कर सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित होकर समस्याओं का निराकरण यथा संभव मौके पर ही करेंगे। शिविर में करदाताओं को भी करों का भुगतान वार्ड में ही करने की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसी क्रम में कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशन में आज नगर पंचायत दोरनापाल अंतर्गत वार्ड नंबर -1 में जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें 33 आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा आयोजन में स्थानीय नगरीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जाएगा।स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोट-छोटे कार्य होते है, जिनका निराकरण शीघ्र किया जाएगा। साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण मौके पर ही शीघ्रता से किया जाएगा।

- ■ नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक
- ■ नगर पंचायत दोरनापाल अंतर्गत वार्ड नंबर -1 में का पखवाड़ा आयोजन

### छात्र-छात्राओं को दी गई कृषि शिक्षा के महत्व उपयोगिता व रोजगार के अवसर की जानकारी





**सुकमा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज स्वामी आत्मानन्द शासकीय इंग्लिस मीडियम विद्यालय में कक्षा 11 वी एवं 12 वी के विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा की महत्व, उपयोगिता एवं रोजगार के अवसर के विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच. एस. तोमार ने कृषि शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल टी. डी. दास, दीपिका खलखो, व्याख्याता रसायन शास्त्र खम्हन लाल बनपेला तथा व्याख्याता संस्कृत नीमचंद वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कृषि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि इस वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में धान, रागी, हल्दी एवं अरहर का बीजोत्पादन कार्यक्रम किया गया है तथा सितम्बर माह में 5 एकड़ क्षेत्रफल में सब्जी उत्पादन किया जाऐगा। वर्तमान में बटेरपालन इकाई की स्थापना हो चुकी है एवं निकट भविष्य में बकरी पालन, मुर्गीपालन, मछलीपालन, मशरूम उत्पादन इकाई तथा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण इकाई भी स्थापित हो जाऐगी।

- ■ स्वामी आत्मानन्द विद्यालय पावारास में कार्यशाला का आयोजन

### नारायणदास बगड़िया स्कूल में रानी सौरभ जैन ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्यौता भोज



**तिल्दा-नेवरा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के नारायणदास बगड़िया पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा 2 में छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के भाजपा नेता जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी, नरेंद्र शर्मा, ईश्वर यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा,विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नपा, चंद्रकला वर्मा पार्षद,मनोज निषाद पार्षद, सुधा चौबे पार्षद, सौरभ जैन शहर महामंत्री, मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

- ■ जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को पढ़ाई की सामग्री के साथ दिया उपहार

जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की सामग्री वितरण किया। पानी बोतल, हेयर बेल्ट आदि सामग्रियों को छात्र-छात्राओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने संबोधित किया। विद्यालय के प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार टंडन ने विद्यालय के गतिविधियों पर जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम लगातार प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। इसमें इको क्लब का गठन एवं वृक्षारोपण खेल, योग, कला संस्कृति अन्य कार्यक्रम स्कूल में संचालित हो रहे हैं।

छाया पार्षद रानी सौरभ जैन ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पोषण आहार एवं पानी बोतल वितरण कर छात्र-छात्राओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने अन्य नगर वासियों से भी निवेदन किया कि इसी प्रकार से विद्यालय परिवार से कोई भी आम नागरिक जुड़ करके विद्यालय के विकास व अन्य गतिविधियों में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। संजना मोटवानी के द्वारा भी अपने जन्मदिन पर बच्चों को बेल्ट, हेयर बेल्ट का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से न्यौता भोज कराने एवं पढ़ाई की सामग्री वितरण करने वाले अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सभी आगंतुक अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने जमीन पर बैठकर एक साथ न्यौता भोज का आनंद लिया। बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में तहसीलदार ज्योति मसीयारे, विजय ठाकुर अध्यक्ष किसान मोर्चा, सुरेश लखवानी, खुमान वर्मा, सुधांशु शर्मा, चरण जांगड़े, प्रेम कोसले, अमरजीत पासवान,आनन्द शर्मा,सुधा चौबे पार्षद, एल के जाहिरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राजेश चंदानी संकुल प्राचार्य, बीआरसीसी एसके शर्मा, विनोद वर्मा, नारायण साहू, लजय भट्ट, शारदा वर्मा, सरिता सेन, अर्चना सेन्डे, चित्ररेखा लहरी, अदित्य तिवारी एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिका व बड़ी संख्या में पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जलभराव से बचना है तो नालियों में कचरा न डालें:सिन्हा

## विधायक ने जन समस्या निवारण पखवाड़ा का किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 28 जुलाई।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज महासमुंद नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 1, 14, और 16 का जनसमस्या निवारण शिविर महासमुंद नगर पालिका के शंकर नगर वार्ड में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कला बाई में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। इन शिविरों में नगरीय निकाय की स्थानीय समस्याओं का निदान किया जाएगा। शिविर आगामी 10 अगस्त तक नगरीय निकाय के सभी वार्डों से प्राप्त आवेदनों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विधायक श्री सिन्हा ने शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करने उपस्थित अधिकारियों को कहा। विधायक ने कहा कि वार्ड वासियों के रहवासी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचने के लिए नालियों की गंभीरता से सफाई के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि इस पखवाड़ा का उद्देश्य स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। इसमें नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है।इनके साथ ही जलापूर्ति में लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों व गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट्स का बंद रहना जैसी समस्याएं भी होती हैं। वार्डवार जनसमस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य इन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नागरिकों को जरूरी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है। मुख्य नगर अधिकारी श्री लवकेश कुमार पैकरा ने बताया कि शिविर में मांग एवं समस्याओं के 60 आवेदन प्राप्त हुए है जिन पर श्री सिन्हा ने शिविर में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद देवी चंद्र राठी, रिंकू चंद्राकर, मंगेश टाकसाले, मुन्ना साहू, नोडल अधिकारी दिलीप कश्यप, अभिनव दुबे, दिलीप चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, विष्णु चंद्राकर, महेंद्र सिक्का, अनीश बग्गा, अभिषेक पांडे, गणेश चौहान सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में विधायक ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं

**महासमुंद।** शनिवार को शहर के शंकर नगर में शासकीय प्राथमिक शाला कलाबाई में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर आयोजित की गई। शिविर में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनी और निवारण का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर मौजूद पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों को समस्याओं के उचित निराकरण के लिए निर्देशित किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर नगर पालिका महासमुंद के वार्डों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर वार्डों आयोजित होना है। इसके लिए भाजपा शहर मण्डल ने वार्डों में आयोजित शिविर में जनता की समस्या से पालिका प्रशासन को अवगत कराने व निवारण के प्रयासों के लिए शिविर अनुसार प्रभारी एवं सहप्रभारी भी नियुक्त किए हैं। इसी तारतम्य में शनिवार को वार्ड क्रमांक 01, 14, 16 के नागरिकों के लिए शासकीय प्राथमिक शाला कलाबाई स्कूल में शिविर आयोजित की गई। शिविर के प्रभारी महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लोगों की समस्या सुनने के लिए उपस्थित रहे। वार्डों से पहुंचे आमजनों ने अलग-अलग समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। शिविर में ज्यादातर नल कनेक्शन, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। साथ ही वार्ड की अन्य समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया। विधायक ने इन समस्याओं का जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों को समस्याओं के उचित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

**एक नजर**

## नक्सलियों के लगाये प्रैशर आईईडी की चपेट मे आये बालक की इलाज के दौरान मौत

**बीजापुर 28 जुलाई।** नकसलियों के लगाये आई ई डी प्रेशर बम की चपेट मे आने से एक आदिवासी दस वर्षीय बालक जो गंभीर रूप से घायल हो गया था सी आर पी एफ केंप मे प्राथमिक उपचार के बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई हैं इस अप्रत्याशित घटना से परिजन सदमे में है बताया गया है कि बालक कवासी हिडमा मवेशी चराने जंगल गया हुआ था इसी दौरान उसका पैर नकसलियों द्वारा लगाये गए प्रेशर बम की चपेट मे आ गया घटना की जानकारी प्राप्त होते ही सी आर पी एफ के जवानों ने प्राथमिक उपचार के बाद बालक को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया लेकिन मासूम बच्चे की जान. नहीं बच सकी ओर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई इस घटना से परिजन पर दुख का पहाड़ टूट पडा है यहां बता दे नकसलियों के प्रेशर बम की चपेट में आकर क ई निर्दोष ग्रामीणों की मौत हो चुकी है बालक की मौत के बाद उसके शव को पहुंचा ने मे चेरपाल नाला बाधा बन.रही थी ऐसे समय फिर सीआरपीएफ की टीम आगे आई और मानव श्रंखला बनाकर शव को नदी पार कराया इस तरह सीआरपीएफ लगातार लोगो की जीवन. रक्षा मे अपनी महती भूमिका निभा रही है

**निधन**

**धानू राम चंद्रवंशी**



**डोंगरगढ़ 28 जुलाई।** विकासखंड के कोहला कसा निवासी एसआई धानूराम चंदवंशी आरक्षक 2007 बेच का 45 वर्ष की अल्पआयु में हृदयगति रुकने की वजह निधन हो गया बैकुण्ठपुर सिटी कोतवाली में पदस्थ थे उन्होंने आपने पीछे पत्नी बच्चे लड़की श्रेयाऔर एक लड़का सूर्याश, माता जी, छोटे भाई मानू चंद्रवंशी और बहु है सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं भगवान दुख के इस क्षण को उनके परिवार

# 360 रु. में एक एकड़ असिंचित धान फसल का होगा बीमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 28 जुलाई।** किसान खरीफ मौसम में फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिसूचना जारी किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित धान एवं अन्य फसल मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा करा सकते हैं। योजनांतर्गत भू-धारक व बटाईदार किसान सम्मिलित हो सकते है। जिन किसान का अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत हुआ है, उन किसानों का फसल बीमा संबंधित संस्थान द्वारा किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान योजना में शामिल हो सकते है। खरीफ मौसम के लिए बीमा राशि निर्धारित किया गया है। कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देना होगा। धान सिंचित हेतु 480 रू. प्रति एकड़, धान



असिंचित के लिए 360 रु. प्रति एकड़, मक्का हेतु 336 रू. प्रति एकड़, कोदो के लिए 64 रू. प्रति एकड़, कुटकी के लिए 68 रु. प्रति एकड़, रागी के लिए 60 रू. प्रति एकड़, अरहर के लिए 304 रू. प्रति एकड़, उड़द एवं मूंग के लिए 184 रू. प्रति एकड़, तथा मूंगफली के लिए 336 रू. प्रति एकड़, निर्धारित किया गया है। अऋणी किसान आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, पी-2 तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा संबंधित बैंक में फसल बीमा करा सकते है ।

वर्तमान समय में वर्षा की स्थिति अच्छी है किन्तु वर्षा को लेकर के हर समय संशय की स्थिति बनी रहती है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बुआई से लेकर फसल कटाई उपरांत खेत में सुखाने के लिए फैला कर रखी हुई फसल में बेमौसम वर्षा, चक्रवाती वर्षा से नुकसान की स्थिति में भी (14 दिवस के भीतर ) आकलन कर कृषकों को क्षति का दावा भुगतान किये जाने का प्रावधान है। अतः किसान भाईयों से अनुरोध है कि भविष्य में विपरीत मौसम परिस्थिति से बचने के लिए अपने फसलों की बीमा अवश्य करावे । फसलों की बीमा हेतु समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कम्पनी बजाज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमि, लोक सेवा केन्द्र या कृषि विभाग के मैदानी अमलो से संपर्क कर सकते हैं।

**समाचार संक्षेप**

## बोर तलाव हाई स्कूल में कौशल एवं डिजिटल दिवस मनाया गया



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शिक्षण सप्ताह का आयोजन हाई स्कूल बोरतलाव में सफलता पूर्वक किया जा रहा है ,पूरे सप्ताह राज्य शिक्षा विभाग द्वारा मिले निर्देश एवं राजनांदगांव कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डोंगरगढ़ से समन्वय स्थापित कर विकासखंड स्तरीय कोर ग्रुप के सदस्यों के द्वारा शाला में शिक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षण सप्ताह के चतुर्थ दिवस कौशल एवं डिजिटल दिवस के अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती वंदना चौरे के मार्गदर्शन में स्मार्ट शाला के माध्यम से बच्चों को टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना सिखाया गया श्री नीरज सिंह राजपूत एवं विद्या साहू जी के द्वारा बच्चों को एजुकेशनल रील बनाना मैप के माध्यम से किसी स्थान के बारे में पता करना एवं अन्य शैक्षणिक उपयोग बताया गया। संस्था में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनूप योगी इलेक्ट्रॉनिक सामानों का उपयोग करते हुए बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आंतरिक भागों से परिचित कराया जा रहा है। शिक्षण सप्ताह के आयोजन में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## सशिमं में शिशु, बाल, कन्या एवं किशोर भारती का हुआ गठन

**महासमुंद 28 जुलाई।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में शिशु भारती, बालभारती, कन्या भारती एवं किशोर भारती का गठन किया गया। सभी पदाधिकारी भैया बहनों को विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर द्वारा वर्षभर विद्यालय की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एवं निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें किशोर भारती से अध्यक्ष डिगेंद्र साहू, उपाध्यक्ष तन्मय ठाकुर, सचिव यश यादव, सह सचिव चंद्रकांत निर्मलकर, सेनापति नितिन जोशी, उप सेनापति राघव साहू को दायित्व सौंपा गया। इसी प्रकार कन्या भारती से अध्यक्ष धारना साहू, उपाध्यक्ष योगिता ध्रुव, सचिव भूमिका साहू, सहसचिव विधि साहू, सेनापति जानवी देवांगन, उप सेनापति उमेश्वरी नेताम। बालभारती से अध्यक्ष ऐश्वर्या चंद्राकर, उपाध्यक्ष निधि जलक्षत्री, सचिव हिमांशी ध्रुव, सहसचिव दोनिशा साहू। शिशु भारती से अध्यक्ष आराध्या ठाकुर, उपाध्यक्ष शुभम महानंद, सचिव खुशी चंद्राकर, सह सचिव हर्ष क्षेत्रपाल, सेनापति वैभव साहू, उप सेनापति कान्हा साहू को दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर, वरिष्ठ आचार्य मनोज साहू, वरिष्ठ आचार्य एवं बालभारती प्रमुख बलराम सेन, वरिष्ठ आचार्य शिवकुमार कन्नौजे, किशोर भारती प्रमुख आचार्य दिलीप टंडन, कन्या भारती प्रमुख दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, शिशु भारती प्रमुख किरण सोनी एवं विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मोटर गैरेज का किया भ्रमण

**महासमुंद 28 जुलाई।** शनिवार को संस्कार पब्लिक स्कूल के मिडिल कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य गुरप्रीत कौर के निर्देशन एवं कक्षा शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में हुंडई मोटर गैरेज का भ्रमण किया गया। वहां के कर्मचारियों द्वारा गाड़ियों के प्रकार और सुधार कार्य में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों एवं गाड़ियों के रखरखाव के बारे में विस्तार पूर्वक बच्चों को जानकारी दी गई। तत्पश्चात वहां के कर्मचारियों द्वारा क्विज प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को कंपनी की तरफ से पुरस्कृत किया गया। सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर हुंडई के सेल्स मैनेजर राजेश दीवान एवं अजय चौहान का विशेष सहयोग रहा। अंत में कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा हुंडई के अधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## छात्रों ने उत्साहपूर्वक किया पौधरोपण

**महासमुंद 28 जुलाई।** ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पद्मावती इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्व. नीलकंठराव साकरकर उमाशा में उत्साहपूर्ण वातावरण में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष एवं संचालक माधव राव टांकसाले अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वृक्षारोपण के पूर्व स्व. नीलकंठराव साकरकर उमाशा के प्रभारी अंजनि सिन्हा तथा ज्ञान ज्योति के प्रभारी झरना यादव ने कहा कि वृक्ष के बिना मानव जीवन की कल्पना करना संभव नहीं है, जहां वृक्ष है वहीं जल है। वहीं जीवन संभव है। वृक्ष की रक्षा करना व लगाना हम सबका दायित्व है। मुख्य अतिथि टांकसाले ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसका प्रभाव आने वाले भविष्य में दिखेगा। वर्तमान में वनों की कटाई का दुष्परिणाम देखने को आ रहा है। तापमान में वृध्दि, वायु प्रदूषण देखने को दुनिया में मिल रहा है। अंत में पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रभारी प्राची चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात ममता सोनी, कंचन यादव, मनीषा ध्रुव के मार्गदर्शन में छात्रों ने पौधरोपण किया।

# युवाओं के लिए डॉ सत्यजीत साहू के नेतृत्व में जीवन प्रेरणा संवाद का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 28 जुलाई।** एमएमडी हायर सेकेंडरी स्कूल संजय नगर रायपुर के ग्यारहवी और बारहवीं कक्षा के छात्रों के साथ दोस्त और प्योर की टीम ने जीवनप्रेरणा संवाद का कार्यक्रम किया।जीवनप्रेरणा संवाद के मुख्य अतिथि डॉ सत्यजीत साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल वातावरण में युवा बच्चों के पास सूचना और जानकारियों का भंडार है . ऐसे में सफलता के लिये जिन गुणों की आवश्यकता है उसके विकास के लिये सामाजिक वातावरण तैयार करना ज़रूरी है . इस इंसपिरेशन टाक के माध्यम से शैक्षिक, मानसिक , चारित्रिक, और सामाजिक गुणों को जानने समझने का मौक़ा मिलता है . यह संवाद वर्तमान समय के अनुकूल तैयार किया गया है. इंटरनेट में उपलब्ध युवा विकास के सामग्रियों से हटकर दोस्त और प्योर की टीम ने स्टेट ऑफ आर्ट इस संवाद को डिज़ाइन किया है. इंसपिरेशन टाक में पीएससी चयनित स्वाति देवांगन ने अपने अनुभव को साझा करते हुए छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा



दी. दोस्त के कोर्डिनेटर सुनील शर्मा ने टाईम मैनेजमेंट के स्किल के बारे में बताया. फ़ार्मा उद्यमी सुरज दुबे ने युवाओं को अपने जीवन और समाजिक विषयों की समझ को बढ़ावा देने और नेतृत्व के गुणों पर प्रकाश डाला . इस संवाद कार्यक्रम का संयोजन प्योर टीम के एडवोकेट संतोष ठाकुर और वाईस प्रिंसिपल धनंजय महापात्र ने किया . टीम के सदस्य सत्येंद्र ठाकुर,विनय सिंह ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया . स्कूल के छात्र छात्राओं और स्टाफ ने ऐसे संवाद कार्यक्रम भविष्य में भी करते रहने का संकल्प लिया . एमएमडी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल इद्राणी दुबे और डायरेक्टर शरद दुबे ने दोस्त और प्योर संस्था के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया .

# अनुपूरक बजट में डोंगरगढ़ को मिली बड़ी सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के वित्तमंत्री ओ पी चौधरी जी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डेय जी मांग के अनुरूप अनुपूरक बजट में डोंगरगढ़ में 26 किमी लंबाई के बायपास ( रिंग रोड) जिसकी लागत 82 करोड़, एवम परिक्रमा पथ (फॉर लाइन) लंबाई 8 किमी के निर्माण हेतु 59 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने बताया कि बहुत समय से डोंगरगढ़ शहर में बायपास निर्माण एवम परिक्रमा पथ को सुगम बनाने उसकी चौड़ाई बढ़ाने की मांग सांसद संतोष पाण्डेय जी के समक्ष उन्होंने की थी,सांसद संतोष पाण्डेय जी द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को डोंगरगढ़ शहर की इस बहुप्रतीक्षित मांगो से अवगत करवाया जिसे मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में शामिल कर बायपास एवम परिक्रमा पथ फोर लाइन निर्माण के लिए क्रमश 82 करोड़ एवम 59 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की।इस उपलब्धि पर प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती,शेडो विधायक विनोद खांडेकर,जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्दर सिंह बन्नोआना,शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन,संतोष राव,राकेश अग्रवाल,उमा महेश वर्मा,अमित छाबड़ा,सुमित मिश्रा,कमलेश काले,विनीत यादव, सत्य प्रकाश मिश्र,वीरेंद्र साहु,सविता दरगड,ज्योति बड़वाइक,अंचला सिंह,मीना यादव,गीता मानिकपुरी,लक्ष्मी यादव,आदि कार्यकर्ताओ ने डोंगरगढ़ की जनता को बहुत बहुत बधाई दी एवम डोंगरगढ़ के लिए इस गौरवपूर्ण उपब्लिध के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,सांसद संतोष पाण्डेय जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।



## इफको ने की*नैनो उर्वरक के उपयोग की संभाग स्तरीय संगोष्ठी आयोजित

**रायपुर 28 जुलाई।** इफको एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के संयुक में गत दिनों होटल जीत कंटीनेन्टल बिलासपुर के सभा कक्ष में इफको नैनो उर्वरक उपयोग पर आधारित *संभागीय संगोष्ठी का आयोजन श्री संतोष कुमार शुक्ल, संयुक्त महाप्रबंधक, सहकारिता संपर्क, इफको नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में एवं श्री शशिकांत द्विवेदी प्रतिनिधि आमसभा इफको नई दिल्ली तथा संचालक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संभागीय संगोष्ठी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डा. लक्ष्मीकांत द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष सहकार भारती, श्री आर. एस. तिवारी, राज्य विपणन प्रबंधक, इफको रायपुर, श्री जगदीश भारती, डा एस के सिंह, उप महाप्रबंधक कृषि. सेवाएं इफको रायपुर, डा अरुण त्रिपाठी, के वी के बिलासपुर इंचार्ज, श्री सुनील सोढीजी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर, श्री आशीष दुबे, डा दिनेश पाण्डेयजी, वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय बिलासपुर तथा डी पी सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। नैनो उर्वरक उपयोग पर आधारित संगोष्ठी कार्यक्रम में जिला बिलासपुर के सभी शाखा प्रबंधक गण एवं पर्यवेक्षक गण के साथ-साथ समिति प्रबंधक गण तथा ड्रोन उद्यमीयों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। इफको नई दिल्ली के संयुक्त महाप्रबंधक श्री शुक्ला ने नैनो उर्वरक के उपयोग की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसके उपयोग से न केवल किसानों के लागत में कमी आएगी बल्कि पैदावार में भी वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि नैनो उर्वरक के छिड़काव के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत इफको की तरफ से ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

■ शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जैसी सुविधाएं भी मुहैया कराने कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 28 जुलाई।** जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का वार्डवार शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सभी नगरीय निकायों में अधिकारियों से नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान विशेष रूप से नगर नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन गरियाबंद एसडीएम विशाल महाराणा एवं खाद्य अधिकारी श्री गुरु गुरु विशेष रूप से उपस्थित रहे ।वार्डवार आयोजित शिविरों में स्थानीय नागरिकों की समस्याएं, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, नल कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार तथा कचरे की सफाई, स्ट्रीट लाईट, मरकरी, बल्ब, ट्यूब लाईट का बंद रहना सहित अन्य समस्या का त्वरित निराकरण के लिए आवेदकों से आवेदन शिविर में आवेदन लिए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां वितरित की गई। राजस्व विभाग द्वारा शिविर लगाया गया था। शिविर स्थल पर छूटे हुए लोगों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लोगों मे लाभांवित किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड,




प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्ड वितरित किया गया।नगर पंचायत फिगेश्वर में 4 हितग्राहियों त्वरित राशन कार्ड वितरित किया गया। इनमें 74 वर्षीय कीमती धानबाई ध्रुव, 54 वर्षीय श्रीमती जानकी, सब 44 वर्षीय कुमारी बाई सोनवानी, 23 वर्षीय रिंकू ध्रुव एवं कुमारी लीना ध्रुव का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रदत शिविर स्थल पर प्रदाय किया गया। इस दौरान स्थानीय नगर निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण तथा नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे।जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन वार्डवार होने पर हितग्राहियों ने कहा कि शासन की मंशानुरूप वार्ड पर ही हितग्राहियों को लाभांवित करना यह शासन की अच्छी पहल है। कई शिविर स्थल ही लोगों को कई योजनाओं के बारे में जानकारी मिल पाई है। 10 अगस्त तक चलेगा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगरीय निकायों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कारगिल के शहीदों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 28 जुलाई।** कारगिल युद्ध के 25 वीं वर्षगांठ पर स्थानीय जैन भवन चौक में मनाया गया कार्यक्रम में आज से 25 वर्ष पूर्व 18000 फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय सीमा के पास स्थित कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठियों के रूप में पाकिस्तानी सैनिको भारत की सीमा पर घुसने का प्रयास कर रहे थे उन्हें मार गिराया था इस युद्ध में हमारे सैनिकों ने अपनी जान गंवाकर ऑपरेशन विजय को सफल बनाया था और भारत देश का मान बढ़ाया था भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी एवं भाजपा सदस्यों और पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू अपने साथ रिटायर्ड युवा फौजी साथियों के द्वारा कारगिल युद्ध में अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन कर याद किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि कारगिल में हमारे जवानों के द्वारा पाकिस्तान से 84 दिनों तक युद्ध लड़कर फिर भारतीय चौकिया पर अपना कब्जा जमाया है। पाकिस्तान एक तरफ भारत के साथ शांति वार्ता की अपील करता है विश्व में यह दिखाना चाहता है कि हम शांति के समर्थक हैं और दूसरी ओर पीठ पीछे खंजर लेकर आतंकवादियों के साथ मिलकर हमेशा खंजर भोपने का काम करता रहा है। पाकिस्तान कारगिल के ऊंची चोटी पर अपने सैनिकों को घुसपैठियों एवं आतंकवादियों



के रूप मैं भेज कर भारतीय सीमाओं पर घुसपैठ कर दोहरा घात कर रहा था। इसका भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू ने बताया इस युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 की शुरुआत में हुई थी। पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठिया एवं आतंकवादियों के साथ मिलकर भारतीय क्षेत्र की कई रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा जमा लिया था। इन चौकियों को मुक्त कराने के लिए भारत की ओर से ऑपरेशन विजय की शुरुआत की गई थी। 03 महीने की लंबे संघर्ष के बाद 26 जुलाई 1999 को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान द्वारा कब्जाई गई चौकी पर फिर से कब्जा जमा कर उसमे तिरंगा फहराया था। इस युद्ध में 527 भारतीय सपूतों ने भारत मां की रक्षा के लिए शहीद हो गए थे। वही पाकिस्तान के लगभग हज़ारों सैनिक और अनगिनत आतंकवादी मारे गये थे। यह तो सच है कि हमारा भारत कभी किसी देश के ऊपर जबरदस्ती हमला नहीं किया। भारत हमेशा शांतिप्रिय देश रहा है और रहेगा। लेकिन हमारे देश को बुरी नजर से देखने वाले को हम नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर दल्लीराजहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री महेंद्र सिंह, सुरेश जायसवाल, भूपेंद्र श्रीवास, राजेश कांबले, पुरोबी वर्मा, रमेश गुज्जर, शंकर साहू, गिरधर सिन्हा, सुमित जैन, हरीश बाघ, सागर गनीर, मो इमरान, रमेश जैन, मनन गुप्ता, प्रमोद कुमार, अशोक सिन्हा, सिध्दार्थ सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### वाहन चोरी कर बेचने के लिए घूम रहे दो लोग किए गए गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 26 जुलाई को आरोपियों द्वारा दुर्गा जिप्सम वेंचर्स प्रा.लि.कंपनी बलौदाबाजार के बल्कर वाहन में सीमेंट भरने रिसदा जा रहे हैं, कहकर लेकर चले गए और रिसदा ना पहुंचकर चोरी कि नियत से वाहन को दोनो आरोपियों द्वारा मालिक के बिना जानकारी के चोरी कर बेचने के लिए बिलासपुर ले जाया जा रहा था। कि प्रार्थी मिथुन मैनेजर द्वारा वाहन अब तक लोड क्यों नही हुआ, कहकर पता किया गया, तो वाहन के संबंध में कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद न्यु विस्टा लि. सीमेंट कंम्पनी रिसदा मे पता करने पर वहां पर भी वाहन लोड होने, संयंत्र नहीं आना बताया गया। कि प्रार्थी की लिखित शिकायत कर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र 493/2024 धारा 303(2), 3(5) BNS दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान थाना सिटी कोतवाली से प्रआर संतराम बंजारे एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों को चोरी के वाहन सहित भाटापारा शहर के नाका न.02 के पास पकडा गया। जिनके कब्जे से चोरी का वाहन बल्कर क्र. CG-22-Y-9239 को किमती 30 लाख को जप्त किया गया है। दोनों आरोपीयों के विरूद्ध जांच विवेचना, गवाहों के कथन एवं संकलित साक्ष्य के आधार पर अपराध सबुत पाये जाने से 27 जुलाई को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के नाम छोटेलाल उम्र 48 वर्ष निवासी बारी पोस्ट बम्हनी थाना चोरहट जिला सिधी मध्य प्रदेश, सुजित उम्र 32 वर्ष निवासी बरवाही थाना चोरहट जिला सिधी मध्य प्रदेश है।

### पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़ से प्रभावित गणेशपुर में फंसे लोगों को बाहर निकाला



**बलौदाबाजार, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 26 जुलाई को सूचना मिली कि सिमगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में दरचुरा बांध के टूट जाने से आसपास के 03 गांव में जलभराव से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं और कुछ ग्रामीण बाढ़ में फंसे हुए हैं। कि सूचना के तत्काल बाद थाना सिमगा से पुलिस बल एवं निर्देशानुसार एसडीआरएफ रायपुर की 12 सदस्यीय टीम घटना स्थल ग्राम गणेशपुर पहुंचा। टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर रात के अंधेरे में सर्च लाईट व पेलिकन लाइट के साथ मोटर बोट लेकर बाढ़ में फंसे 03 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन उपरांत बाहर निकाला गया, जिसमें मसीह दयाल 70 वर्ष, खिस्था कुमारी 62 वर्ष एवं मंजू मसीह 50 वर्ष शामिल हैं। इस दौरान ग्राम गणेशपुर में ही कल रात्रि बाढ़ में फंसे एक बालक को थाना सिमगा में पदस्थ आरक्षक संजय ध्रुव द्वारा अपने कंधे पर बैठाकर सकुशल सुरक्षित स्थान में लाया गया। इस दौरान सुरक्षा एवं बचाव कार्य हेतु पुलिस बल एवं एसडीआरएफकी टीम अभी भी तैनात है।

### शाला प्रबंधन समिति जोरातराई के दूसरी बार अध्यक्ष बने नंदकुमार बनपेला



**भखारा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई(भखारा)में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया इस अवसर पर सरपंच खिलावन पाल, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सुदामा राम साहू, घनाराम साहू व पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया !जिसमें सर्व समिति से नंदकुमार बनपेला को दोबारा अध्यक्ष नियुक्त किया वहीं उपाध्यक्ष रविंद्र सेन, शिक्षाविद मानसिंह साहू, संयोजक गंगाप्रसाद साहू (प्रधान पाठक), वरिष्ठ शिक्षक महेंद्र साहू, पंचायत प्रतिनिधि उत्तम साहू, सदस्यगण श्रवण साहू, ओमप्रकाश पाल, कुलेश्वर साहू, मुकेश गजपाल, लक्ष्मी तारक, सोनम तारक, नीलम निर्मलकर, यामिनी यदु, कीर्ति देवांगन, पद्मिनी साहू, रूप कुमारी साहू, उगेश्वरी नागारची शामिल रहे। प्राथमिक शाला के स्टाफके समक्ष एसएमसी सदस्य बनाया गया।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.07.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली द्वारा 05 आरोपी, थाना सिमगा, थाना कसडोल एवं थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 01-01 आरोपी को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

## एक नजर

### जिपं सीईओ ने पीएम आवास योजना के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के दिए निर्देश

**बालोद, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पूर्णता हेतु शेष रह गए कुल 1189 आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्र ही उसे पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में तृतीय किश्त प्राप्त कुल 299 आवासों को अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शत-प्रतिशत पूरा कराने लक्ष्य आबंटित किया गया है। प्रथम किश्त प्राप्त कुल 218 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त 660 आवासों को 15 अगस्त तक निर्माण पूर्ण कराकर जियो टैगिंग उपरांत आगामी किश्त की राशि प्रदान कराएं। उन्होंने भूमिहीन हितग्राहियों को भूमि आबंटन किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की एवं निरस्त आवासों को ग्रामसभा से प्रस्तावित कराकर ग्राम सभा की कार्यवाही पंजी को शीघ्र जनपद पंचायत में संकलित कर जिला कार्यालय को प्रेषित करने निर्देशित भी किया। बैठक में उप-संचालक, पंचायत एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला एवं जनपद स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत डॉ संजय कन्नौजे ने बताया कि जिले को वित्तीय वर्ष 2016-24 तक कुल 32 हजार 394 प्रधानमंत्री आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत अब तक 30 हजार 291 हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण कर पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है।

### जिले में मादक पदार्थों के अनाधिकृत व्यापार पर रोक लगाने प्रभावी उपाय किए जाएं: कलेक्टर

**बालोद, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशापान को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए जिले में मादक पदार्थों के अनाधिकृत व्यापार व्यवसाय पर रोक लगाने हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को नशापान से दूर रखा जा सके। कलेक्टर चन्द्रवाल स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थों का अनाधिकृत व्यवसायियों का व्यापक एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीशनल एसपी अशोक जोशी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आबकारी, खाद्य, औषधि एवं ड्रग नियंत्रण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के दूरस्थ वन क्षेत्रों में अवैध गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की खेती पर बीट गार्ड/फॉरेस्ट गार्ड के माध्यम से सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इस संबंध में जानकारी संज्ञान में आने पर तत्काल उचित कार्रवाई करने तथा टीम के सदस्यों के साथ मिलकर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चिह्नांकित स्थलों में नशामुक्ति के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने बाढ़ क्षेत्र का किया अवलोकन, अधिकारियों को लगातार फील्ड में एवं सतर्क रहने की दी हिदायत

# प्रभावितों से मिलकर लिया व्यवस्था का जायजा

- 48 घंटे के भीतर क्षति आंकलन रिपोर्ट देने के दिए निर्देश
- गणेशपुर में अब तक 30 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों में किया गया शिफ्ट
- एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम मुस्तैदी से तैनात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** जिलें में लगातार हो रही बारिश एवं सिमगा विकासखंड अंतर्गत देवरीडीह जलाशय के टूटने से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने आज सुबह ही कलेक्टर दीपक सोनी ग्राम दरचूरा पहुंचे.उन्होंने टूटे हुए जलाशय स्थल का अवलोकन कर एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर इसके भराव तथा सुधार कार्य के लिए आवश्यक निर्देश दिए है. इस दौरान कलेक्टर सोनी ग्राम गणेशपुर भी पहुंचे उन्होंने सामुदायिक भवन में बनाएं गए अस्थायी राहत शिविर में पहुंचकर प्रभावित व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने सभी से कहा की घबराने की कोई जरूरत नही है जिला प्रशासन आप सब के मदद के 24 घंटे तैयार.आपके रहने, खाने और स्वास्थ्य की पूरी देखरेख हमारी टीम द्वारा की जाएगी. इस दौरान एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के आला अधिकारियों से चर्चा कर विस्तृत बचाव संबंधित विस्तृत जानकारी लिए है। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को लगातर फील्ड एवं सतर्क रहने की हिदायत दी है। राजस्व अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर क्षति आंकलन रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए है. साथ ही इस कार्य में ग्राम सचिव एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को भी मदद करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम विश्रामपुर सहित अन्य प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित व्यक्तियों से मुलाकात कर उनका हाल चाल का जायजा लिया। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक गणेशपुर गावों के कुल 36 लोगों को सुरक्षित जगह में शिफ्ट कराया गया है। जिसमें 15 लोग राहत शिविर में एवं अन्य बाकी लोग अपने रिश्तेदारो के यहां ठहरे हैं. जिला प्रशासन की टीम लगातार स्थिति पर नजर रखी हुई है। सभी राजस्व अधिकारी फील्ड में ही रहकर हालत का जायजा ले रहे है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, सीईओ अमित दुबे, नायब तहसीलदार हरीश यादव, अनिरुद्ध मिश्रा, बीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें.

#### जिला अधिकारियों को निर्देश

इसके साथ ही कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अधिकारियों को अलग से निर्देश दिए है जिसके तहत जहां पर भी जलभराव होने के कारण लोगों को शिफ्ट करने की आवश्यकता वहा पर तत्काल शिफ्ट कराएं इस कार्य में लापरवाही नही बरतने के निर्देश दिए है। जहां पर भी शिफ्टिंग हो रही है वहां स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखें और स्वास्थ्य विभाग की टीम लगाई जाए ताकि लोगों में कोई बीमारी ना फैले इसका विशेष ध्यान रखने कहा है। जनपद सीईओ को चलित शौचालय, खाद्य विभाग को भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिन क्षेत्रों अधिक जलभराव हो रहा है उसके समीपस्थ नगरी निकाय से पानी के टैंकर उपलब्ध कराने सभी सीएमओ को दिए है। इसके साथ ही आश्रय स्थल पर सभी लोग पेयजल हेतु पानी उबालकर ही पीने के निर्देश दिए है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में पशु विभाग की टीम तैनात कर पशुओं की स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए है। उक्त प्रभावित क्षेत्र की स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को आगामी तीन दिवस तक बंद करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए है।

# बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 28 जुलाई।** शहर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया आरोपी द्वारा रेलवे स्टेशन के बाहर एटीएम के पास खडी मोटरसाइकिल, को चुराया था और उसे बेचने के फिराक मे ग्राहक तलाश रहा था। प्रार्थी आर्यन सिंह निवासी छेरकापारा मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया 09.03.2024 को अपनी मां एवं बहन को लेने अपनी मोटरसाइकिल होंडा सीडी ड्रीम 100 क्र. छ्त्त22 क्क482 से भाटापारा रेलवे स्टेशन आया था जिसे स्टेशन के बाहर एटीएम के पास खड़ी कर अंदर स्टेशन चला गया। तत्पश्चात अपनी मां एवं बहन को लेकर वापस बाहर आकर देखा तो मेरा मोटरसाइकिल नहीं था रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शहर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी के संबंध में लगातार पताशाजी किया जा रहा था तथा आसपास स्थित सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी आरोपी की पहचान करने की कोशिशें लगातार जारी थी, कि इसी बीच मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक संदेही व्यक्ति चोरी का मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल संदेही जीवराखन उर्फशनिस को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसने रेलवे स्टेशन के बाहर से चोरी करना स्वीकार किया जीवराखन उर्फशनिस उम्र 19 साल निवासी ग्राम खोखली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### कैबिनेट मंत्री टंकराम की अनुशंसा पर विकास कार्यों के लिए राशि जारी

**तिल्दा नेवरा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** टंकराम वर्मा मंत्री खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अनुशंसा के आधार पर बलौदाबाजार क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए राशि जारी हुआ। शासकीय स्कूल सेमराडीह विकासखंड बलौदाबाजार में भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख रुपए,शासकीय स्कूल खिलोरा विकासखंड सिमगा के भवन निर्माण के लिए 75.23 लाख रुपए एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयापारा विकासखंड सिमगा के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 16 लख रुपए जारी किया गया है।रायपुर जिले के एन.एच. मार्ग सांकरा से तिल्दा (सासाहोली तक सड़क 10.50 कि.मी. लंबाई का जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण का कार्य पूरा होगा।(राशि ?2663.28 लाख स्वीकृत किया गया वही बलौदाबाज़ार-भाटापारा के पड़कीड़ीह रावन सकलोर हिरमी मार्ग क्रमांक 41, लंबाई 15.00 कि.मी. का निर्माण कार्य पूरा होगा। राशि ?3329.23 लाख स्वीकृत किया गया बलौदाबाजार में सभी क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।



### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने एक साथ 101 स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को दी गई साइबर अपराध, गुड-टच, बैड-टच बाल सुरक्षा संबंधी विविध अधिनियमों की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 28 जुलाई।** 27 जुलाई को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले के प्रत्येक थाना, चौकी में स्थित कुल 101 स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस की अलग-अलग टीमें क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्कूल, कॉलेज आदि में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। संपूर्ण जिले में 02 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 03 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 03 उपनिरीक्षक, 14 सहायक उप निरीक्षक, 29 प्रधान आरक्षक, 36 आरक्षक एवं 01 महिला आरक्षक सहित 100 की संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान विजय अग्रवाल पुलिस अधीक्षक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा एवं सेक्रेड हार्ट स्कूल बलौदाबाजार में स्वयं उपस्थित होकर जागरूकता कार्यक्रम के तहत उक्त विषयों पर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को नए कानून के विषय के बारे में जानकारी दिया गया, जिसमें पुलिस टीम द्वारा बताया गया कि दिनांक 01.07.2024 को भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया गया है। बच्चों को नए कानून में प्रक्रिया, अधिनियम, प्रथम सूचना दर्ज करने के तरीकों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।कार्यक्रम में साइबर अपराध, बाल सुरक्षा एवं बाल अधिकारों के संबंध में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। स्कूली बच्चों को गुड टच बैड टच, बाल एवं महिला संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर, नव एवं सभ्य समाज के सृजन में स्कूली बच्चों के अहम योगदान के बारे में बतलाया गया।

बच्चों में प्रारंभ से एवं स्कूल के समय से ही यातायात नियमों की जानकारी होना एवं नियमों का पालन करने की भावना होना अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम में बच्चों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा यह बताया गया कि सुरक्षित परिवहन के लिए आखिर यातायात नियमों का पालन करना कितना आवश्यक है, स्कूली बच्चे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने पालकों एवं रिश्तेदारों को भी सदैव नियमों का करने हेतु समझाइस दे। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में सभी स्कूल के बच्चे पुलिस को अपने बीच पाकर अत्यंत खुश एवं प्रसन्न हुए। साथ ही उन्होंने कैरियर गाइडेंस, पुलिस के काम करने के तरीकों आदि के संबंध में भरपूर प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को प्रकट किया। कई बच्चों द्वारा बड़े होकर पुलिस एवं सेना में भर्ती होने की इच्छा प्रकट कर, इसके संबंध में आवश्यक जानकारी पूछा गया, जिसमें उपस्थित पुलिस टीम द्वारा बहुत ही सहजता पूर्वक उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। पुलिस टीम द्वारा पूर्व में भी दिनांक 21.07.2024 को भी जिले में एक साथ, एक ही दिन में 103 स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।


स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 | TULIP LEARN · GROW · CHANGE

**नगर पालिका परिषद, सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0**

क्र./548 दिनांक 25/07/2024

**//आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो.नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 Weeks | 05/08/2024 | 4500 | 2 | 9301635436 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी/पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल आनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

## एक नजर

### बंधन बैंक का कारोबार 22 प्रतिशत बढ़कर हुआ 2.59 लाख करोड़ रुपए

**रायपुर, 28 जुलाई।** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक का कुल कारोबार 22त्न बढ़कर 2.59 लाख करोड़ रुपए पर पहुँच गया। कुल जमा में अब बैंक की खुदरा हिस्सेदारी लगभग 69त्न है। पिछली तिमाही में देखी गई उत्साहजनक बढ़त वितरण, व्यावसायिक दक्षता और अनुकूल परिचालन वातावरण में इसके विस्तार से प्रेरित है। बैंक अब भारत में 6, 300 बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से 3.44 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करता है। बंधन बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 77, 500 है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान बैंक की जमाराशि में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23त्न की बढ़त हुई। कुल जमाराशि अब 1.33 लाख करोड़ रुपए हो गई है, जबकि कुल एडवांस 1.26 लाख करोड़ रुपए हैं। चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) अनुपात समग्र जमाराशि के 33.4त्न है। बैंक की स्थिरता का सूचक पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.7त्न है, जो विनियामक आवश्यकता से अधिक है। बैंक के एमडी और सीईओ रतन कुमार केश ने कहा, साल की पहली तिमाही हमारे कारोबारी प्रदर्शन का प्रमाण है, जिसे हम पूरे साल बनाए रखना चाहते हैं। हमने प्रमुख मापदंडों में स्थिरता और वृद्धि का प्रदर्शन किया है।

### कैट ने भेजा रेलमंत्री व रायपुर सांसद को यात्री गाडियों की लेटलतीफी, निरस्त होने व सुविधा विषयक ज्ञापन




**रायपुर, 28 जुलाई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी अध्यक्षता में कैट कार्यालय में मिंटिग हुई। जिसमें टीम कैट ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव एवं चांदनी चौक दिल्ली लोकसभा सांसद प्रवीण खण्डेलवाल तथा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने एवं यात्री सुविधाओं के विषयक ज्ञापन भेजा गया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि टीम कैट ने ज्ञापन के माध्यम से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव एवं चांदनी चौक दिल्ली लोकसभा सांसद प्रवीण खण्डेलवाल तथा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने एवं यात्री सुविधाओं के विषयक ज्ञापन भेजा गया।

### ऑनर 200 सीरीज लांच

**रायपुर, 28 जुलाई।** ऑनर ने भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए आज ऑनर 200 सीरीज़ लॉन्च की। यह इसकी प्रतिष्ठित नंबर सीरीज़ में सबसे नया लॉन्च है। इस सीरीज़ में ऑनर 200 प्रो 5जी और ऑनर 200 5जी हैं, जो पॉवर और क्रिएटिविटी के दायरे बढ़ाकर ग्राहकों को अत्याधुनिक एआई पॉवर्ड पोर्ट्रेट क्षमताएं, आकर्षक डिस्प्ले, मजबूत हार्डवेयर परफॉर्मेंस, और इन्ट्यूटिव यूज़र केंद्रित एआई अनुभव प्रदान करेंगे। 20 और 23 जुलाई को यह स्मार्टफोन खरीदने वाले सभी ग्राहकों को 8000 रुपये की तत्काल छूट मिलेगी। आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर 3000 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इसके अलावा ग्राहकों को कुछ चुनिंदा मेनलाइन स्टोर्स में 8, 499 रुपये मूल्य के मुफ़्त ऑनर उपहार मिलेंगे या इसके बदले 2000 रुपये की तत्काल कूपन छूट दी जाएगी।

### सरेआम शराब पीते 17 गिरफ्तार

**रायपुर, 28 जुलाई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मजदूर नगर सरोरा में सरेआम शराब पीते आरोपी मनोज वर्मा 23 वर्ष व अजय विश्वकर्मा 22 वर्ष व शंकर साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी चरणदास मानिकपुरी 39 वर्ष व मिश्री यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी लेखूराम यादव 40 वर्ष, बलराम पाल 40 वर्ष व रविशंकर निषाद 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी कमल पटेल 32 वर्ष, धनराज जलक्षत्रि 19 वर्ष, बाबूलाल साहू 55 वर्ष, मोहित कन्नौजे 32 वर्ष व पवन निषाद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी दीपक भारती 26 वर्ष व चैतराम यदू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार निषाद 40 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी बादल रात्रे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 28 जुलाई।** मोवा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि वृंदावन गार्डन के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र कुमार बंजारा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

# जरा पाने की चाहत में, बहुत कुछ छूट जाता है... नदी का साथ देता हूँ तो समंदर रूठ जाता है...



एनडीए सरकार के आम बजट में प्राथमिकता आम जनता को दी जानी चाहिए, लेकिन बजट जैसी बेहद ज़रूरी चीज भी सत्ता के हित साधन का जरिया बन गया है। यही इस बजट में भी नज़र आई।बजट में पीएम मोदी की राजनैतिक मजबूरियों, प्राथमिकताओं में बदलाव को साफ़ तौर पर देखा जा सकता है।आंध्र प्रदेश की तेलुगूदेशम और बिहार की जनता दल यूनाइटेड, इन दो के सहारे एनडीए सरकार केंद्र की सत्ता पर बनी हुई है। इन दोनों ही दलों ने सरकार बनने के साथ यह उम्मीद बार-बार ज़ाहिर की कि सर कार उन पर विशेष ध्यान देगी।आंध्र, बिहार दोनों ही राज्य लंबे वक्त से विशेष राज्य के दर्जे की मांग कर रहे हैं। 2018 में चंद्रबाबू नायडू एनडीए से इसी मांग के पूरे न होने को लेकर ही अलग भी हुए थे। नीतीश कुमार भी अब तक इस उम्मीद में थे कि मोदी उनकी इस मांग को पूरा करेंगे। लेकिन 22 जुलाई को संसद में बाकायदा इस बात से इंकार कर दिया गया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता। यही स्थिति आंध्रप्रदेश की भी है। इन दोनों नेताओं ने बजट से पहले विशेष आर्थिक पै केज की मांग अपने-अपने राज्यों के लिए की थी, वह इन्हें नहीं मिला। इसके बावजूद पूरे बजट में सबसे अधिक चर्चा इसी बात की हो रही है कि सरकार ने सबसे ज़्यादा ख़्याल आंध्र प्रदेश और बिहार का ही रखा है।कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस ने इस बजट को 'कुर्सी बचाओ बजट' कहा है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी विकास के लिये 15 हजार करोड़ का प्राव धान किया गया है, इसी तरह बिहार में हवाई अड्डों, सड़कों, बिजली परियो जनाओं के लिए बजट में 26 हज़ार करोड़ का प्राव धान किया गया है। ख़ास बात यह है कि इन परि योजनाओं के लिए बहु पक्षीय विकास एजेंसियों के जरिए काम की बात की गई है। फ़िलहाल एनडीए सरकार के ये दोनों घटक दल बजट के इन प्रावधानों पर ख़ुशी ज़ाहिर कर रहे हैं, जिससे मोदी राहत महसूस कर सकते हैं। मगर इस बजट से भाजपा की मजबूरी जिस तरह सामने आई है, वह उसकी मजबूती के दावों को खारिज करती दिख रही है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे ने कहा कि मोदी ने पीएम की शपथ लेने से पहले ही दावा किया था कि 100 दिनों की कार्य योजना हमारे पास पहले से ही है। कार्ययोजना दो माह पहले थी तो कम से कम बजट में ही बता देते? दर असल बजट में न किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की चर्चा है, न महंगाई कम करने का कोई इरादा दिखा है। आदिवासी, पिछड़े, दलित, किसान मजदूर सभी की एक तरह से उपेक्षा दिखाई दी है। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से वादा किया था कि हर साल दो करोड़ रोज़ गार दिए जाएंगे..? अब आलम यह है कि 2024 के बजट में मोदी सरकार ने कहा है कि वह 500 बड़ी कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप करने के लिए अवसर प्रदान करेगी। इसमें 5 हज़ार का भत्ता हर महीने दिया जाएगा साथ में 6 हज़ार का अतिरिक्त भत्ता भी दिया जायेगा। कंपनियों को सीएसआर के तहत कौशल विकास पर खर्च करना होगा। दो करोड़ नौकरियों से बात एक करोड़ इंटर्नशिप पर आ जाए, तो समझना कठिन नहीं है कि सरकार की कथनी-करनी में कितना अंतर है। मोदी सरकार ने रेल बजट पहले ही समाप्त कर दिया था, अब लगता है कि बजट से रेलवे पर किये जाने वाले ख़र्च, यात्री सुविधा रेलवे के विस्तार जैसीअहम बातों को भी गायब कर दिया गया है। बुलेट ट्रेन का जिक्र तो खैर अब होता ही नहीं, हाल ही में जो गंभीर रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, उनका ज़िक्र करते हुये बजट के जरिए मामूली समझे जाने वाले यात्रियों को आश्वस्त किया जा सकता था कि सरकार को उनका ध्यान है। लेकिन यहां भी आम गरीब लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। बुजुर्गों की कोरोना काल से बंद रेल्वे किराये की छूट पर इस बार भी मोदी सरकार मौन ही रही?आंध्रप्रदेश और बिहार का जिक्र है, लेकिन बाकी राज्यों की उम्मीदों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है, पर्यावरण को लेकर कोई चिंता बजट में नजर नहीं आई है।

### राज्यपाल बैस, हरिचंदन का 5 साल इसी माह पूरा...




छग के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन तथा छग के पूर्व सांसद, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस का कार्यकाल इसी माह पूरा हो रहा है, 5 साल पूरा होने के बाद इन्हें फिर कोई जिम्मे दारी मिलती है या नहीं यही देखना है?24 जुलाई2019 को हरिचंदन ने आंध्रप्रदेश के राज्यपाल का कार्यभार सम्हाला था फिर 12 फर वरी 23 को छग के राज्य पाल का पद सम्हाला था याने उनका 5 साल का कार्यकाल पूरा हो गया है, इसी तरह छग के नेता तथा महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस का भी 5 साल इसी माह पूरा हो रहा है।29 जुलाई 2019 को त्रिपुरा के राज्यपाल की जिम्मेदारी सम्हाली थी फिर 14 जुलाई 21 को झारखण्ड के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई थी उसके बाद 18 फरवरी 23 को रमेश बैस ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद सम्हाला था, यानि उनके राज्यपाल का कार्यकाल 5 साल पूरा हो जाएगा।वैसे मोदी के दौर में राज्यपाल नियुक्त हुये 60 में से 12 ऐसे रहे जिन्हें एक राज्य विशेष में लगातार 5 साल या 2-4 महीने अधिक का कार्यकाल मिला, केवल दो नाम ऐसे रहे जिन्होंने 5 साल वाले 'कटऑफ' को अच्छे से पार किया।पहला वजूभाई, दूसरा द्रोपदी मुर्मू, वजूभाई कर्नाटक में करीब 7 साल तक और मुर्मू, झारखंड में तकरीबन 6 बरस राज्यपाल रहीं।केसरीनाथ त्रिपाठी (बंगाल) रामनाइक (उप्र) ओमप्रकाश कोहली (गुजरात) सी. विद्यासागर रॉव(महाराष्ट्र) पी.सत शिवम (केरल) कल्याण सिंह (राजस्थान) विजयेन्द्र पाल सिंह (पंजाब)पद्मनाभ आचार्य



(नागालैंड) ऐसे राज्यपाल रहे, जो 5 साल इस पद पर रहे, जबकि मृदुला सिन्हा (गोवा), बीडी मिश्रा (अरुणाचल)प्रोफेसर गणेशलाल (ओडिशा) जगदीश मुखी (असम) 5 साल से कुछ महीने ज्यादा राज्य पाल के पद पर रहे। इस तरह, मोदीयुग में राज्यपालों के कार्यकाल का अध्ययन करने पर मालूम होता है कि एक राज्य विशेष में लगातार किसी को भी अधिकतम कार्यकाल मिला औसत 5 साल का रहा। मौजूदा राज्यपालों में उप्र में आनंदी बेन पटेल, गुजरात मेंआचार्य देवव्रत राज्यपाल अगले हफ्ते-दो हफ्ते में 5 साल पूरा करने जा रहे हैं, कर्नाटक, केरल के साथ दक्षिण भारत के दूसरे राज्य (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिल नाडु)में भी पिछले 10 बरसों में केवल दो-तीन राज्यपाल इसलिये नियुक्त हुये क्योंकि इन राज्यों में मनमोहन युग के गवर्नर को ही शुरुआती कुछ बरसों तक राज्यपाल बनाए रखा गया। रोसइया, आंध्र के सीएम रहे, जिन्हें यूपीए-2 की सरकार में तमिलनाडु का राज्यपाल बनाया था, वह मोदी दौर में भी कम से कम 2 साल तक अपने पद पर बने रहे आईबी के डायरेक्टर रहे ई.एस.एल. नरसिम्हन पर मोदी सरकार बहुत मेहरबान रही, आंध्र के राज्यपाल, नरसिम्हन की नियुक्ति मनमोहन सिंह के दूसरे कार्यकाल में हुई थी जब मोदी सरकार बनी तो नरसिम्हन का कार्यकाल 5 बरस पूरा होने वाला था, लेकिन मोदी सरकार ने उन्हें 5 साल और आंध्र प्रदेश का राज्यपाल बनाये रखा, इतना ही नहीं, जब वह 2014 से 2019 के बीच आंध्र के गवर्नर थे तो तेलंगाना का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया, नतीजा ये है कि नरसिम्हन सबसे लंबे समय तक राज्यपाल (12 साल) रहने वाले बन गये, कांग्रेस के शासन के समय नियुक्त सिक्किम के राज्यपाल श्रीनिवास दादा साहिब पाटिल, ओडिशा के राज्य पाल एससी जमीर, मोदी सरकार के दौरान भी तकरीबन 4 साल अपने पद पर बने रहे।मनमोहन सिंह के दौर का एक और नाम जिसे लंबे अरसे तक मोदी सरकार ने नहीं छेड़ा वह राम नरेश यादव का था, केन्द्र में सत्ता परिवर्तन के बाद भी यादव अगले 2 बरस मप्र के राज्यपाल के पद पर आसीन रहे।

### नेता प्रतिपक्ष का हमला, सायं-सायं...फुस्स...



छग विधानसभा के इसी सत्र में बलौदाबाजार हिंसा की घटना पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नये अंदाज में स्थगन प्रस्ताव के ग्रहता पर सरकार पर कुछ इस तरह हमला किया...

*जैतखाम कटगे सांय-सांय...*
*सरकार सुते रहीस सांय-सांय...*
*सतनामी समाज गुस्सा होईस सांय-सांय...*
*बलौदाबाजार हजारों आईन सांय-सांय...*
*जिला कार्यालय मखुसनिन सांय-सांय...*
*कलेक्टर भागीस सांय-सांय...*
*एसपी भागीस सांय-सांय...*
*भीड़ दौड़ाईस सांय-सांय...*
*पुलिस बल भागीस सांय-सांय...*
*तोड़-फोड़ करीन सांय-सांय...*
*आगी लगाईन सांय-सांय...*
*सब्बो जलगे सांय सांय...*
*पुलिस मुख्यालय तमाशा देखत रहीत सांय-सांय...*
*गृह मंत्री तमाशा देखत रहीस सांय-सांय...*
*मुख्यमंत्री तमाशा देखत रहीस सांय-सांय...*
*अब साय सरकार लकीर पीटत हे सांय-सांय...*
*निर्दोष मन के गिरफ्तारी होत हे सांय-सांय...*
*जांच आयोग बनगे सांय-सांय...*
*करोड़ो रूपया खर्चा होही सांय-सांय...*
*अंतिम परिणाम आना हे सांय-सांय...*

### और अब बस...

» कई मंत्रियों के पास फाइलों का ढेर लगा है.. निजी सचिव भारी हैंज्?
» भाजपा विधायक अपनी ही सरकार को क्यों घेर रहे हैं विस मेंज्?
» 7 साल बाद स्काईवॉक पूरा बनाने का निर्णय, शारदा चौक-तात्यापारा चौक का चौड़ीकरण भी होगा।
» वार्ड परिसीमन पर हाई कोर्ट की रोक..सरकार को झटकाज्?

परीक्षा



रायपुर, 28 जुलाई। पंडित जेएन पांडेय मल्टीपर्पस हायर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित पोस्ट बेसिक नर्सिंग व एमएससी नर्सिंग इंट्रेंस एग्जाम दिलाकर निकलते विद्यार्थी।

# साइंस कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर समारोह का आयोजन



**रायपुर, 28 जुलाई।** साइंस कॉलेज रायपुर के द्वारा आज दोपहर कारगिल युद्ध विजय के 25 में सालगिरह के अवसर पर, एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अतिथि प्रो टी एल वर्मा तथा विशेष अतिथि वायु सेवा के सेवा निवृत ग्रुप कमांडर सतीश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी सी चौबे ने किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर रक्षा अध्ययन के छात्र-छात्राओं द्वारा लघु शोध प्रपत्रों के संकलन का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो टी एल वर्मा ने 'भारत के विभाजन के समय कश्मीर में हुए त्रासदी का वर्णन करते हुए, आज भारतीय सैनिकों की सजगता और वीरता पर प्रकाश डालकर देश हित को सर्वोपरि मानने का आव्हान किया'। विशेष अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन सतीश मिश्रा ने 'सशस्त्र बलों के शौर्य का वर्णन करते हुए, छात्र-छात्राओं को अपने देश के प्रति हमेशा सजग रहने का आव्हान किया।' कार्यक्रम का संचालन प्रो गिरीश कांत पांडेय और छात्र भेखराज देवांगन ने किया। छात्रों की प्रस्तुति के रूप में पीयूष वर्मा ने 'कारगिल युद्ध के घटनाक्रमों' का वर्णन किया। वहीं छात्र राघव स्वर्णकार, दीक्षा दुबे, मेधा मिश्रा और श्रेया शर्मा ने कारगिल युद्ध के हीरो और परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफ्ल मेन संजय कुमार के जीवन वृत्त प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में छात्र तुषार वर्मा और कुसुम साहू ने देशभक्ति गीत गाकर छात्रों का जोश बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट तेजस्वी सिंह सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन की नई डायरेक्टरी का विमोचन

**रायपुर, 28 जुलाई।** रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन की नई डायरेक्टरी का विमोचन आज किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर परवानी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कॉमर्स व अश्विनी गर्ग अध्यक्षः उरला इन्डस्ट्रियल एसोसिएशन थे। विशेष अतिथी शंकर बजाज उपाध्यक्षः छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स थे। अतिथियों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत संस्था के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। चेम्बर अध्यक्ष अमर परवानी एवं उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी गर्ग ने एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर किया जा रहे कार्यक्रमो की सराहना की।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की निर्देशिका व्यापार को आगे बढ़ाने में बहुत ही उपयोगी साबित होती है। इसके बाद आए हुए संस्था के सदस्यों ने अपना एवं अपने व्यापार का परिचय दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, सचिव अनिल दुग्गड, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज जैन, हरसुख पटेल, पवन लूनिया, मनोज पंजवानी, मंगल शाह, राजेंद्र खटवानी, शोएब अंसारी, पीयूष जेठवा, गिरीश सिंघवी, हेमंत बैगवानी कुलदीप जैन, संतोष मिश्रा, रमेश जैन, भाविन भाई, योगेश सोमानी, अजय सिंह राजपुरोहित, विवेक जायसवाल, दीपक खटवानी, प्रवीण कुमार पुरोहित, प्रफुल्ल बाडमेरा, भूपेंद्र चंद्राकर, अजय जैसवाल, रोहित जायसवाल, निलेश बुद्धभट्टी, राहुल डागा, दीपक चौधरी, नरेश प्रजापति, नरेश लालवानी,शशिकांत जैन, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुरेश कुमार डागा, विक्रम सिंह, सचिन विग, आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



# कैट ने केंद्रीय रेल मंत्री मांडविया से की मुलाकात



**रायपुर, 28 जुलाई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने नेतृत्व मे कैट का एक प्रतिनिधी मंडल डॉ. मनसुख मांडविय, केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्य एवं खेल मंत्री, से मुलाकात कर केन्द्रीय बजट 2024 - 2025 में संसोधन हेतु कैट सी.जी. चैप्टर का सुझाव दिया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि टीम कैट ने डॉ. मनसुख मांडविया, से मुलाकात कर केन्द्रीय बजट 2024 - 2025 में संसोधन हेतु कैट सी.जी. चैप्टर का सुझाव दिया। डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- जितेन्द्र दोशी, मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, मुकेश मोटवानी, राकेश ओचवानी, निलेश मुंदडा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी, परविन्द्रर सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, बीएस परिहार, एवं अखिलेश शर्मा आदि।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 28 जुलाई।** कबीरनगर और सिविल लाइन थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू चंगोराभाठा निवासी जुगल किशोर 46 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 6334 को वीर सावरकर नगर हीरापुर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं सिविल लाइन थाना में प्रार्थी अजीत खेतपाल 45 वर्ष निवासी बैरनबाजार ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमबी 6734 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26